● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 323, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 11 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





गंगासागर मेला को मिले राष्ट्रीय दर्जा : ममता 5

आईसीसी चेयरमैन को किया जायेगा सम्मानित 6

## युवा राजनीति में मिशन लेकर आएं, एंबिशन लेकर नहीं : पीएम

### पीएम मोदी बोले- मुझसे भी गलतियां होती हैं...मनुष्य हूं, देवता नहीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत के साथ पॉडकास्ट किया। 9 जनवरी को इसका ट्रेलर आया। शुक्रवार को पूरा वीडियो रिलीज किया गया। इसमें पीएम मोदी कहते हैं कि उनसे भी गलतियां होती हैं वे मनुष्य हैं, देवता नहीं। यह पीएम मोदी का पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू है।

मोदी ने आगे कहा- मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो असफलता पर रोते हुए अपना जीवन बिता दूं। हर पल जोखिम उठाना पड़ता है।

इस इंटरव्यू में पीएम दुनिया में युद्ध की स्थिति, राजनीति में युवाओं की भूमिका, अपने पहले और दूसरे कार्यकाल के अनुभवों और व्यक्तिगत सोच पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। राजनीति में युवाओं के आने पर उन्होंने कहा कि युवा राजनीति में मिशन लेकर आएं, एंबिशन (महत्वाकांक्षा) लेकर नहीं। मैं यहां आपके सामने बैठा हूं और बात कर रहा हूं, मुझे घबराहट हो रही है। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है। इस पर पीएम मोदी ने जवाब दिया कि- यह मेरा पहला पॉडकास्ट है, मुझे नहीं पता कि यह आपके दर्शकों को कैसा लगेगा।

पीएम मोदी ने भी ट्रेलर को पोस्ट करते हुए लिखा- मुझे आशा है कि आप सभी इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमें आपके लिए इसे बनाने में आया!

चीनी राष्ट्रपति और मेरे बीच स्पेशल कनेक्शन 2014 में अपने पहले कार्यकाल के बारे में बोलते हुए, पीएम ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बारे में एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। पीएम ने कहा- जब मैं 2014 में पीएम बना, तो दुनिया भर के नेता शिष्टाचार भेंट करते हैं। चीनी राष्ट्रपति शी ने भी शिष्टाचार भेंट की, जिसमें उन्होंने कहा कि वे भारत आना चाहते हैं। मैंने कहा 'आपका स्वागत है, आपको अवश्य आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं गुजरात, आपके गांव वडनगर का दौरा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा 'आप जानते हैं क्यों? मेरे और आपके बीच एक विशेष बंधन है'उन्होंने कहा कि चीनी दार्शनिक ह्वेन त्सांग आपके गांव में सबसे लंबे समय तक रहे और जब वे चीन लौटे, तो वे मेरे गांव में रहे।

मैं इंसान हूं, भगवान नहीं, गलतियां करता हूं गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए दिए गए एक पुराने भाषण के बारे में बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वे इंसान हैं, भगवान नहीं और वे भी गलतियां करते हैं। पीएम मोदी ने कहा, जब मैं सीएम बना था, तब मैंने अपने एक भाषण में कहा था कि मैं अपनी कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। मैं इंसान हूं, मुझसे गलतियां हो सकती हैं, लेकिन मैं गलत इरादे से गलतियां नहीं करूंगा। मैंने इसे अपने जीवन का मंत्र बना लिया है। एक राजनेता बनना और दूसरा सफल राजनेता बनना। मेरा मानना है कि आपको समर्पित, प्रतिबद्ध होना चाहिए, अच्छे और बुरे समय में जनता के साथ रहना चाहिए, टीम के खिलाड़ी की तरह काम करना चाहिए। यदि आप खुद को सबसे ऊपर मानते हैं और सोचते हैं कि हर कोई आपका अनुसरण करेगा, तो हो सकता है कि उसकी राजनीति काम कर जाए और वह चुनाव जीत जाए, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि वह एक सफल राजनेता होगा।

गोधरा में जो देखा, वह दर्दनाक दृश्य था गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर 2002 के गोधरा कांड को याद करते हुए, जिसमें 59 लोगों की जान चली गई थी, पीएम मोदी ने कहा कि जब यह घटना हुई थी, तब वह पहली बार विधायक बने थे। पीएम ने कहा कि मैं गोधरा जाना चाहता था लेकिन वहां केवल एक ही हेलीकॉप्टर था... मुझे लगता है कि यह ओएनजीसी का था। चूंकि यह सिंगल इंजन था इसलिए इसमें किसी व्हीआईपी को जाने की अनुमति नहीं थी। लेकिन मैं गोधरा गया मैंने वह दर्दनाक दृश्य देखा।

## अधिकारी वही, जो जनहित के करें कार्य : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अधिकारी वह है, जो जनहित में कार्य करें। इस उद्देश्य से शासकीय सेवा में प्रवेश करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं। मध्यप्रदेश का मंत्रि-मंडल भी परस्पर सहयोग से जनता के सेवक के रूप में कार्य कर रहा है। पद पर आने के बाद हमारे मन में अहंकार नहीं होगा, इस संकल्प के साथ, समाज हित और प्रदेश के विकास के लिए समर्पित होकर अपने दायित्व निर्वहन में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में कृषि, पशुपालन और राजस्व विभागों के लिए चयनित 362 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता सहित परिवार के सदस्यों की आशा, अपेक्षा और उनके सहयोग के परिणामस्वरूप ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव चयनित अधिकारियों सहित उनके परिजन को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के बाद प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर होने का प्रयास जारी रखें। अधिकारी अपनी क्षमता, योग्यता को पहचानते हुए अपने उत्तरदायित्व का श्रेष्ठतम तरीके से निर्वहन कर स्वयं भी गौरवान्वित हो और शासन को भी गौरवान्वित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विभाग के 256 कृषि विस्तार अधिकारी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 70 सहायक पशु चिकित्सकों और राजस्व विभाग के 36 नव चयनित नायब तहसीलदारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

## भारत की विदेश नीति में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का योगदान : जयशंकर



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को देश की विदेश नीति में एकीकृत करने की भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नारी शक्ति विषय पर प्रवासी भारतीय दिवस पैनल में बोलते हुए उन्होंने बताया कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास भारत की विदेश नीति का एक हिस्सा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने विकसित भारत की दिशा में महिलाओं की भूमिका पर भी बात की।

जी 20 शिखर सम्मेलन का हवाला देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, जब हमने जी 20 की मेजबानी की, तब हमने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर जोर दिया। इसे जी20 के वैचारिक ढांचे से स्वीकार कर लिया। उन्होंने आगे कहा, हम विशेषकर दक्षिण के देशों के साथ कई सारे विकास सहयोग करते हैं। हम 78 देशों में परियोजनाओं और क्षमता निर्माण के जरिए अलग-अलग तरीके से मौजूद हैं। इस बारे में बात करते हुए कि कैसे महिलाओं का विकास आंतरिक रूप से विकसित भारत के विचार से जुड़ा है। जयशंकर ने कहा, अगर आप इन मुद्दों का समाधान नहीं करते तब तक आप विकसित भारत की तरफ नहीं बढ़ सकते हैं। यदि भारत को एक आधुनिक, औद्योगिक, तकनीक-केंद्रित समाज बनना है तो हम 50 प्रतिशत प्रतिभा की उपेक्षा नहीं कर सकते। केंद्रीय मंत्री ने रोल मॉल के महत्व पर प्रकाश डाला। बता दें कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन आठ से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर में किया गया। यह भारत सरकार का प्रमुख आयोजन है, जिसमें भारतीय प्रवासियों को जुड़ने और उन्हें एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है।

## महाकुंभ सनातन के गौरव का महाकुंभ है : योगी

**प्रयागराज।** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम रेडियो कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि महाकुंभ सनातन के गौरव का महाकुंभ है...जो लोग लोगों को जातियों में बांटना चाहते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि कुंभ से जाति का भेद मिट जाता है, पंथ और लिंग... दुनिया भर से लोग यहां आ रहे हैं... प्रसार भारती ने न केवल महाकुंभ कार्यक्रम को पूरे दिन प्रसारित करने की तैयारी की है, बल्कि दूरदराज के इलाकों में भी धार्मिक उद्धरण दिए जाएंगे।

## अपराध के तौर-तरीकों का किया जाए विश्लेषण : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से लैस कर पुलिसिंग के साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

शाह ने बृहस्पतिवार को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अनुसंधान अध्ययनों और परियोजनाओं में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के साथ सहयोग समेत बहु-हितधारक योगदान के महत्व पर भी जोर दिया।

गौरतलह है कि स्मार्ट पुलिसिंग का विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 2014 में गुवाहाटी में हुई पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन में पेश किया गया था। इसमें भारतीय पुलिस को सख्त और संवेदनशील, आधुनिक और गतिशील, सतर्क और जवाबदेह, विश्वसनीय और प्रत्युत्तरशील, तकनीक-प्रेमी और प्रशिक्षित (स्मार्ट) करने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने पुलिस बलों को अधिकतम लाभ प्रदान करने तथा पुलिस की सार्वजनिक छवि को बेहतर बनाने के लिए बीपीआरएंडडी परियोजनाओं और अध्ययनों तथा प्रकाशनों के लिए वैश्विक स्तर पर विस्तारित दायरे और पहुंच के निर्देश दिए। उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी स्तंभों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर लक्षित सहायता प्रदान करने के लिए ब्यूरो के कार्य को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। शाह ने कहा, बीपीआरएंडडी, एनसीआरबी, जेल अधिकारियों और फोरेंसिक विशेषज्ञों को अपराध के तौर-तरीकों का विश्लेषण करना चाहिए।

## सांस्कृतिक पहचान और गौरव की प्रतीक है हिंदी : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व हिंदी दिवस, सांस्कृतिक पहचान और गौरव की प्रतीक हिंदी भाषा के वैश्विक जय घोष के विचारों को आत्मसात करने का दिन है । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व हिंदी दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने हिंदी भाषा के रूप में मिली विरासत को और अधिक समृद्ध करने के लिए संकल्पित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रदेशवासियों से आव्हान किया है।

## कैलिफोर्निया की आग 40 हजार एकड़ में फैली

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में लगी आग में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। यह कैलिफोर्निया में अब तक की सबसे बड़ी आग है। पिछले 4 दिन से लगी आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। इसमें से 29 हजार एकड़ का इलाका पूरी तरह जल चुका है।

आग से करीब 10 हजार इमारतें तबाह हो चुकी हैं, जबकि 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने शनिवार तक आग के और फैलने की चेतावनी दी है। 1 लाख लोग बिना बिजली के जी रहे हैं।

हालातों पर लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ (जिला ष्टश्वह्र के समान) रॉबर्ट लूना ने कहा, आग देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन इलाकों में परमाणु बम गिराया गया हो।

## देश भर में जारी रहेगा सर्दी का सितम

**नई दिल्ली।** कड़ाके की सर्दी में कोहरे की दोहरी मार ने लोगों के लिए मुसीबत बढ़ा दी है। ठंडी हवाएं चलने की वजह से पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। जबकि पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी आफत बनीं हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले समय में और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने बताया कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ ईरान के पूर्वी हिस्से से आ रहा है और अगले 24-48 घंटों में यह उत्तर भारत को प्रभावित करेगा।

उन्होंने बताया कि विक्षोभ के कारण पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश में आंधी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। वहीं, 12 जनवरी को पूर्वी मध्य प्रदेश, दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश और आंधी का अनुमान है। इसके अलावा, उत्तर भारत में अगले दो-तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में कल सुबह कोहरा और फिर रात को आंधी-बारिश की संभावना है। इसके बाद 13 जनवरी को सुबह कोहरे की स्थिति फिर से बन सकती है। साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि अगले 24 घंटों में रात का न्यूनतम तापमान दो डिग्री से माइनस चार डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। जबकि अगले एक सप्ताह के दौरान पूरे ओडिशा में शुष्क मौसम बना रहेगा। वहीं, मौसम विभाग ने झारसुगुड़ा, क्योंझरगढ़, कालाहांडी, कटक, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा में हल्के से मध्यम कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है। अंगुल, ढेंकनाल, कंधमाल, कोरापुट और सुंदरगढ़ में एक या दो स्थानों पर घना कोहरा छाने की संभावना हैं इन जगहों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर तेज हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है।

कोर्ट ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले अधिनियम को लेकर दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जया ठाकुर और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन (एनएफ आई डब्ल्यू) द्वारा दायर याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने बताया कि जया ठाकुर की याचिका में नारी शक्ति वंदन विधेयक को चुनौती दी गई थी। जबकि एनएफआईडब्ल्यू ने कानून के परिसीमन को चुनौती दी थी।

## चंदनपुरा में मॉर्निंग वॉक करने वालों के सामने आए दो बाघ

**भोपाल।** भोपाल के चंदनपुरा में दो बाघों का मूवमेंट है। दोनों बाघ के स्कार्पियों के सामने आ गए, जिससे कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वन विभाग ने चंदनपुरा का रास्ता बंद कर दिया है। बाघों ने गाय का भी शिकार किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाघ सड़क पार कर रहे थे, तभी एक स्कॉर्पियो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि गाड़ी में कोई सवार नहीं था। बाघों ने एक गाय का शिकार भी किया। चंदनपुरा बाघ भ्रमण क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां 22 से अधिक बाघों का मूवमेंट होने की बात कहीं जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता राशिद नूर खान ने बताया कि चंदनपूरा और आसपास बाघों का मूवमेंट रहता है।

## कोयला खदान में अब भी फंसे आठ श्रमिक

**गुवाहाटी।** असम के पास दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे आठ श्रमिकों को निकालने के लिए बचाव अभियान चल रहा है। एनडीआरएफ, नौसेना, सेना समेत तमाम एजेंसियां अभियान में लगी हुई हैं। खदान हादसे में जान गंवाने वाले नेपाल के श्रमिक गंगा बहादुर श्रेष्ठ की पत्नी उसका शव लेने असम पहुंची। पत्नी सुशीला राय सोनुरू ने कहा कि गंगा बहादुर घर में अकेले कमाने वाले थे। अब परिवार का गुजारा कैसे होगा?

दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो के तीन किलो क्षेत्र में कोयला खदान में सोमवार को 300 फीट गहरी खदान में अचानक पानी भर गया था। इस खदान में नौ श्रमिक फंस गए थे। इसके बाद भारतीय सेना और स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त टीम ने त्वरित और प्रभावी तरीके से बचाव अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद से लगातार सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नौसेना और पुलिस की टीम श्रमिकों को तलाश रही है। बुधवार को खदान में 85 फुट नीचे से एक श्रमिक का शव बरामद किया था। जिसकी पहचान नेपाल के उदयपुर जिले के गंगा बहादुर श्रेष्ठो के रूप में हुई।

खदान स्थल पर पहुंची गंगा बहादुर की पत्नी सुशील राय सोनुरू ने कहा कि मेरे पति दो महीने पहले दीमा हसाओ आए थे। हमें छह जनवरी को घटना के बारे में पता चला। मेरे दो लड़की और एक लड़का है। अब पता नहीं मैं क्या करूंगी, कैसे रहूंगी? मैं काफी परेशानियों का सामना कर रही हूं।

## कोरोना वायरस जैसे एचएमपीवी के देश में 14 केस

### राजस्थान में 6 महीने की बच्ची पॉजिटिव, अब तक गुजरात और महाराष्ट्र में 3-3 मामले

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के देश में कुल 14 मामले हो गए हैं। शुक्रवार को राजस्थान और गुजरात में एक-एक केस मिला। बारां में एक 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित हुई हैं।

इससे पहले गुरुवार को 3 केस मिले थे। इनमें लखनऊ में 60 साल की महिला, गुजरात के अहमदाबाद में 80 साल का बुजुर्ग और हिम्मतनगर में 7 साल का बच्चा शामिल है। तीनों का इलाज चल रहा है।

एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

विशेषज्ञों ने यह कहा है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। 2001 में इसकी पहली बार पहचान हुई थी। इसके बाद ये दुनिया में फैला। ये सांस लेने से फैलता है, हवा के माध्यम से फैलता है। ये सभी ऐज ग्रुप के लोगों पर असर करता है। डब्ल्यूएचओ हालात पर नजर बनाए हुए है और हमसे जल्द ही रिपोर्ट शेयर की जाएगी।

केंद्र सरकार ने कहा था- सर्दी में एचएमपीवी का इन्फेक्शन आम चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच इमरजेंसी जैसे हालात बनने की बात कही गई थी। हालांकि भारत सरकार ने 4 जनवरी को जॉइंट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक की थी। इसके बाद सरकार ने कहा था कि सर्दी के मौसम में फ्लू जैसी स्थिति असामान्य नहीं है। चीन के मामलों पर भी नजर रखे हुए हैं और सरकार इनसे निपटने के लिए तैयार है। देश सांस से जुड़ी बीमारियों के मामलों में किसी भी बढ़त से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। चीन में फ्लू के बढ़ते मामलों की वजह आरएसवी और एचएमपीवी हैं। इस मौसम में ये इन्फ्लूएंजा के सामान्य वायरस हैं। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। साथ ही डब्ल्यूएचओ से चीन की स्थिति के बारे में समय-समय पर अपडेट देने को कहा है।

सरकार बोली- फ्लू जैसी बीमारियों की जांच के लिए सिस्टम मौजूद सरकार ने कहा कि भारत में आईसीएमआर और आईडीएसपी के जरिए इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और इन्फ्लूएंजा के लिए गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी के लिए मजबूत निगरानी सिस्टम मौजूद है। दोनों एजेंसियों के आंकड़ों से पता चलता है कि आईएलआई और एसएआरआई मामलों में कोई असामान्य बढ़त नहीं हुई है।

# कोयला एवं रेत-गिट्टी का अवैध परिवहन करते 8 वाहन जप्त

## झोखों में चोरी के कोयला के साथ पकड़ाया ट्रक , खनिज विभाग की कार्यवाही

सिंगरौली

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण क विरूद्ध कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं एसपी मनीष खत्री के निर्देश व एएसपी एसके वर्मा तथा खनि अधिकारी एके राय के मार्गदर्शन में खनिज विभाग अमले के द्वारा कार्रवाईयां की जा रही हैं। खनिज विभाग की टीम ने जिले के झोखों जयंत, बैढ़न, बरगवां में दबिश देते हुये रेत, मिट्टी, गिट्टी, कोयला एवं स्टोन डस्ट का परिवहन करते 8 वाहनों को जप्त कर कार्रवाई की है। वही झोखों में चोरी की अवैध कोयला भी जप्त हुआ है।

जानक ारी के अनुसार खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनि अधिकारी डॉ. विद्याकान्त तिवारी ने विभागीय अमले को लेकर खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए तहसील सिंगरौली, बरगवां एवं देवसर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम बलियरी में ट्रैक्टर-



ट्राली को खनिज स्टोन डस्ट एवं ग्राम-गनियारी में 1 ट्रैक्टर-ट्राली को खनिज मिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर थाना बैढ़न, वही जॉच के दौरान स्थान जयन्त में ट्रैक्टर- ट्राली को दो ट्रैक्टर को खनिज रेत का एवं 2 ट्रेक्टर को मिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ पुलिस चौकी जयन्त, परिसर में खड़ा किया गया है। साथ ही स्थान बरगवां में 1 ट्रेक्टर को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ थाना बरगवां में खड़ा कराया गया है। इसी क्रम में ग्राम-झोखों में एक हाईवा को खनिज कोयला का ईटीपी की वैधता समाप्ति के पश्चात् परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ पुलिस चौकी झोखों में खड़ा कराया गया है।

### इन वाहनों को किया गया जप्त

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दबिश के दौरान की गई कार्रवाई में वाहन क्रमाक एमपी 66 ए 6479 रेत, एमपी 66 जेडए 8068 रेत, यूपी 64 एक्यू 3328 मिट्टी, एमपी 66 ए 6541, एमपी 66 ए 4529 मिट्टी, एनएल 01 एजी 3445 कोयला, एमपी 66 ए 5784 गिट्टी एवं एमपी 66 ए 5338 से अवैध स्टोन डस्ट के साथ 8 वाहनों को जप्त कर इनके विरूद्ध म.प्र खनिज (अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा भण्डारण निवारण ) नियम 2022 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की गई है।

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री आज बैढ़न में



**सिंगरौली।** मंत्री म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास एवं संसदीय कार्य विभाग कैलाश विजयवर्गीय का सिंगरौली जिले में आगमन 11 जनवरी होगा। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री विजयवर्गीय 10 जनवरी को भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस से प्रस्थान कर 11 जनवरी को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। तत्पश्चात रीवा से सड़क मार्ग द्वारा सिंगरौली के लिए प्रस्थान करेंगे। 11:45 बजे सिंगरौली आगमन। मंत्री दोपहर 12:30 बजे रामलीला मैदान बैढ़न में आयोजित होने वाले दो दिवसीय दंगल का अपने से शुभारंभ करेंगे। तत्पश्चात दोहपर 1:30 बजे जुड़वा तालाब माजन मोड़ में आयोजित समारोह में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 2:30 बजे सिंगरौली से सड़क मार्ग द्वारा वाराणसी से उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो जाएंगे।

# भतीजे की जघन्य हत्या करने वाला आरोपी ताऊ गिरफ्तार

## बुधेला गांव में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर युवक का किया था हत्या

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न बुधेला गांव में बीते दिन बुधवार एवं गुरूवार की रात रिश्ते के सगे ताऊ ने अपने भतीजे का लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दिया था। जहां घटना सूचना के बाद ही आरोपी बसंत कुमार शर्मा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और आज उसे गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया। हालांकि हत्या की वजह की नाकामी पुलिस एवं राजस्व अमले की खुलकर सामने आई है।

पुलिस के अनुसार 9 जनवरी को सूचनाकर्ता अंजली शर्मा पुत्री स्व.अशोक कुमार शर्मा उम्र 18 वर्ष सा. बुधेला चौकी खुटार थाना बैढ़न द्वारा आरोपी बसन्त शर्मा निवासी बुधेला द्वारा उसके बड़े भाई आलोक शर्मा की मारपीट कर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसकी रिपोर्ट पर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। वही आरोपी बसन्त शर्मा पिता रामसुन्दर शर्मा उम्र 55 वर्ष को हिरासत में लिया गया था। जहां



आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। तत्पश्चात पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जले भेज दिया गया। इधर बताते चले कि पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस एवं राजस्व अमले की उदासीनता के चलते आलोक शर्मा की हत्या हुई है। जमीन विवाद को लेकर कई बार न्याय के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के यहां आवेदन दिया गया। लेकिन उसे गंभीरता से नही लिया गया। जिसके चलते आलोक की हत्या हुई। उक्त कार्रवाई थी में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, उनि अभिषेक पाण्डेय, उनि साहबलाल सिंह, सउनि राजेश मिश्रा, सउनि पप्पू सिंह, सउनि अरविंद द्विवेदी, सउनि प्रेमसागर पटेल, सउनि विश्वनाथ रावत, प्रआर गणेश मीणा, राय सिंह, गजराज सिंह, कुलदीप शर्मा, आर प्रदीप राठौर, गौरव यादव, अभिषेक कुशवाहा की सराहनीय भूमिका रही।

# सुरसराई घाट मेला की नीलामी में हुआ व्यापक खेला

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत क्षेत्र देवसर के ग्राम पंचायत झारा अंतर्गत गोपद नदी क सुरसराई घाट पर मकर संक्राति के अवसर पर 15 दिनों तक लगने वाले मेला के लिए पंचायत के द्वारा बुलाई गई नीलामी में व्यापक पैमाने पर गड़बड़झाला करने का आरोप। तीरथ प्रसाद जायसवाल ने लगाते हुये एसडीएम के यहां शिकायत किया है। शिकायत पत्र में पंचायत के सचिव के भूमिका पर भी बड़ा सवाल खड़ा किया है। शिकायत कर्ता तीरथ प्रसाद जायसवाल का आरोप है कि झारा पंचायत के सचिव ने मेला के लिए आयोजित बोली में सरकार के द्वारा बनाये

**झारा ग्राम पंचायत के सचिव पर गंभीर आरोप, शिकायत कर्ता ने एसडीएम के यहां पहुंची है शिकायत**

गये नियम-कानून का पालन नही किया गया है। नियमानुसार बाजार की बोली नीलामी के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित करानी चाहिए और कम से कम 13 दिन का समय निर्धारित है। किन्तु ऐसा नही किया गया। पंचायत के सचिव के साथ-साथ सरपंच ने अपने चहते को बाजार का ठेका दिलाने के लिए कायदे कानून को नजर अंदाज कर अंततः बोली के समय हर आधे घंटे में इधर-उधर परिवर्तन करने लगे। शिकायत कर्ता का आरोप है कि सरपंच-सचिव ने अपने चहेतो को बाजार का ठेका दिलाया है। जिसमें लाखों का वारा-न्यारा होगा। शिकायत कर्ता ने एसडीएम से उक्त बाजार की नीलामी निरस्त कराने की मांग की है। हालांकि एसडीएम ने उक्त मामले को गंभीरता से लिया है। पंचायत के सरपंच-सचिव को समस्त दस्तावेज के साथ उप खण्ड कार्यालय में उपस्थित होने के लिए भी निर्देश जारी किया जा चुका है।

# एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**सिंगरौली।** स्थानीय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता 2024-25 के तीसरे दिन भी एनटीपीसी सिंगरौली क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण इलाको से आए युवा खिलाड़ियों ने बड़े ही उत्साह के साथ तमाम खेल कूद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता 2024-25 में क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, वालीबॉल, 100 मीटर, 200 मीटर ब्यायज एण्ड गर्ल्स रेस, रस्साकस्सी, लॉन्ग जंप, रिले रेस



अन्य जैसे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता में एनटीपीसी सिंगरौली के आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 2500 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने बड़े ही जोश एवं उत्साह से विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख ने अपने सम्बोधन में कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने आस पास के सभी क्षेत्रीय होनहार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें भविष्य में हमारे राष्ट्र के प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार करना था।

## बैढ़न में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन कल



**सिंगरौली।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को प्रदेश के साथ ही सिंगरौली जिले में भी सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में प्रातः 9 बजे आयोजित किया गया है। इसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी नागरिकों के साथ ही शासकीय और अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाएगा।

# रूट डायवर्ड करने पर दो कोल वाहनों पर 10 हजार का समन शुल्क

## यातायात पुलिस ने की कार्यवाही

**सिंगरौली।** निगाही मोड़ से परसौना सड़क मार्ग में कोल वाहनों के आवाजाही पर कलेक्टर ने प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद ट्रांसपोटर खाकी वर्दी से सांठगांठ बैठा कर प्रतिबंधित मार्ग से आये दिन गुजरते रहते हैं। बीती रात यातायात प्रभारी ने माजन मोड़ पर औचक जांच किया। जहां दो कोल वाहन माजन मोड़ मार्ग से गुजरते मिलने पर कार्रवाई करते हुये 10 हजार रूपये का समन शुल्क वसूल किया है।

यातायात निरीक्षक ने माजन मोड़ में जांच किया। जहां प्रतिबंधित मार्ग से कोयला परिवहन करने वाले वाहन



क्रमांक आरजे 32 जीडी 3319ए व आरजे 06 जीडी 2105 को जप्त किया जाकर मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 10 हजार रूपये मात्र संमन शुल्क अधिरोपित किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह, सउनि सुरेश शुक्ला, सउनि शिवेन्द्र सिंह, प्रआर उमेश बागरी, आर सजंय पटेल, आर अनिल कुमार एंव अन्य स्टॉफ का योगदान रहा।

# चूना पत्थर का हो रहा विरोध

**सीधी।** जिले के चूल्हि-बढौरा चूना पत्थर खदान नीलामी के विरोध में ग्राम चूल्हि में ग्रामवासियों कि चौपाल आयोजित कि गईं। चौपाल कि अध्यक्षता टोंको-रोंको-ठोंको क्रान्तिकारी मोर्चा के संयोजक उमेश तिवारी नें कि। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उमेश तिवारी नें कहा कि जिस धरती के नीचे खनिज संसाधन है उसी धरती के ऊपर रहने वाले नागरिक सत्ता और संपत्तिवान के द्वारा सताए जा रहे है। गरीबी में रहने वाले 60 प्रतिशत से अधिक लोग उन देशों में रह रहे हैं जिनके पास तेल, गैस और खनिज जैसे मूल्यवान और प्रचुर प्राकृतिक संसाधन हैं। पर विरोधाभास देखिए, इनमें से अधिकांश नागरिक शायद ही कभी इस संपत्ति को साझा करते हैं। चौपाल को कामरेड गुरु प्रसाद कोल, मोहम्मद निसार आलम, विजय लाल, विश्वनाथ भारती, राजबहोर विश्वकर्मा, बद्री विश्वकर्मा, अवध लाल विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, राम सुलोचन विश्वकर्मा, जयप्रकाश विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा आदि ने भी संबोधित किया चौपाल का संचालन मनोज कोल के द्वारा किया गया।

# हिन्दी कार्यशाला एवं राजभाषा कार्यान्वयन प्रतियोगिता आयोजित

**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल में विश्व हिन्दी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान एनसीएल द्वारा सिंगरौली स्थित एमडीआई परिसर सीईटीआई में राजभाषा के प्रसार एवं कार्यालयीन जीवन में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देन के लिए एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला एवं राजभाषा कार्यान्वयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक कार्मिक राजभाषा विक्टर कुजूर, महाप्रबंधक मनोज कुमार सिंह,




प्रबंधक हुकुम सिंह एवं एनसीएल मुख्यालय से बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में मनोज कुमार सिंह ने विश्व हिन्दी दिवस को मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित सभी से हिन्दी को अपने कार्यालयीन जीवन में शामिल करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर राजभाषा के प्रचार-प्रसार करने के लिए आह्वान किया।

# आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल निवास के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण करने राम मंदिर अयोध्या व प्रयागराज पंहुचें

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के सरई तहसील अंतर्गत आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल निवास के छात्रों और स्टाफ ने एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण के तहत ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की यात्रा की। यह भ्रमण छात्रों को देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस यात्रा का पहला पड़ाव रामनगरी अयोध्या था, जहां छात्रों ने भव्य राम मंदिर पंहुचकर रामजी के दर्शन किये। राम मंदिर का अद्वितीय वास्तुशिल्प और दिव्य वातावरण ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर के पुजारियों ने रामायण की कथा और भगवान राम के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को विस्तार से समझाया। बच्चों ने वहां आयोजित आरती में भाग लिया, जिससे उनके मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके बाद भ्रमण का अगला पड़ाव प्रयागराज था, जिसे तीर्थराज के नाम से भी जाना जाता है। छात्रों ने संगम स्थल का अवलोकन किया, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का मिलन होता है। इस पवित्र स्थल पर स्नान करने के बाद बच्चों ने अक्षयवट और हनुमान मंदिर का दर्शन किया। प्रयागराज के ऐतिहासिक महत्व और कुंभ मेले की परंपरा पर शिक्षकों ने विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के संचालक कमलेश गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों की जानकारी को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि छात्रों को न केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जानी चाहिए, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और सांस्कृतिक ज्ञान से भी परिचित कराया जाना आवश्यक है। इस यात्रा में लगभग 100 से अधिक छात्र और स्कूल के शिक्षकगण शामिल हुए। सभी ने इसे एक यादगार अनुभव बताया। बच्चों ने कहा कि इस यात्रा ने न केवल उन्हें ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी दी, बल्कि उनके अंदर अध्यात्म और संस्कृति के प्रति रुचि भी बढ़ाई। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि जीवन के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी उजागर करने वाला एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित हुआ।

# एनटीपीसी माइनिंग ने वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक कोयला उत्पादन में 23 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

**सिंगरौली।** एनटीपीसी माइनिंग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीसरी तिमाही तक शानदार प्रदर्शन करते हुए 30.88 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन किया, जो साल दर साल 23फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसके साथ ही एनटीपीसी के पावर स्टेशनों को 30.55 एमएमटी कोयला भेजा गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले लगभग 19 फीसदी की वृद्धि है।एनटीपीसी कोल माइनिंग ने लगातार अपने उत्पादन लक्ष्यों को पार किया है, जिससे यह कैप्टिव कोयला माइनिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। अब तक, एनटीपीसी माइनिंग ने 134.87 एमएमटी से अधिक कोयला उत्पादन किया है और 132.98 एमएमटी से अधिक कोयला पांच सक्रिय कैप्टिव कोल माइन्स से भेजा है, जिनमें झारखंड के पाकरीबारवाडीह, केरंडारी और चत्तिबारियातु, ओडिशा का दुलंगा और छत्तीसगढ़ का तलैपाली शामिल हैं, जिससे एनटीपीसी के थर्मल पावर स्टेशनों के लिए ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।यह अद्वितीय प्रदर्शन एनटीपीसी की कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किए गए लगातार प्रयासों का परिणाम है।एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि प्राप्त करने के लिए कई रणनीतियों और तकनीकों का उपयोग किया है। एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, कोयला उत्पादन और आपूर्ति में इस अद्वितीय वृद्धि के साथ अपनी संचालन क्षमता में सुधार जारी रखे हुए है।

# विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक समस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

सिंगरौली

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी मे जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभान सिंह के उपस्थिति में लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के अनुक्रम में शीत कालीन अवकाश की अवधि में कार्यरत,सेवा निवृत शिक्षकों की लंबित समस्यायों के निराकरण हेतु समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर हेतु गठित समिति में बीईओ मिश्रीलाल सिंह,प्राचार्य जेजे भारती, कामता प्रसाद तिवारी, राजेश तिवारी समस्या निवारण शिविर में उपस्थित रहे। क्रमोन्नति, समयमान वेतन मान



का लाभ देने के संबंध में प्रकरण वेतन निर्धारण से संबंधित लंबित प्रकरण,विभिन्न प्रकार के अवकाश स्वीकृत से लंबित प्रकरण, शासकीय सेवकों के लंबित सेवानिवृत स्वत्वों के निराकरण संबंधी प्रकरण आवेदन लिए गए। इस दौरान संबंधित समस्या के निराकरण हेतु सेवानिवृत शिक्षक सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही, ट्रायबल एसी रिश्वत लेते ट्रैप

## भृत्य से ट्रांसफर निरस्ती के लिए 5 हजार की ली जा रही थी रिश्वत

**सीधी।** जिले में कलेक्ट्रेट के करुणा भवन में रिश्वतखोरी का नया मामला सामने आया है। जहां कि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा चपरासी से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगा गया। शर्म की बात है कि एक चपरासी से इस तरह की रकम मांगी गई। हिम्मत जुटाने के बाद चपरासी ने इसकी जानकारी लोकायुक्त पुलिस रीवा को दी जहां कि आज 5 हजार रुपए भृत्य द्वारा देते वक्त लोकायुक्त टीम ने रंगे हांथों एसी ट्रायबल को पकड़ा है।



कलेक्ट्रेट में संचालित आदिवासी विकास विभाग के कार्यालय में आज दोपहर करीब 1 बजे लोकायुक्त रीवा संभाग की टीम ने दबिश कार्यवाही करते हुए प्रभारी सहायक आयुक्त डॉ. डीके द्विवेदी को 5 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप किया। कलेक्ट्रेट में लोकायुक्त की ट्रैप कार्यवाही होते ही हडकंप मच गया। बाद में लोकायुक्त की टीम रिश्वत लेते पकड़े गए सहायक आयुक्त के साथ ही कार्यालय के एक लिपिक को भी लेकर आगे की कार्यवाही के लिए स्थानीय सर्किट हाउस पहुंची। यहां कार्यवाही का सिलसिला देर शाम तक अनवरत रूप से चलता रहा। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय छात्रावास सुकवारी में भृत्य के पद पर पदस्थ सुखलाल कोल का स्थानांतरण मनमानी तौर पर अमरवाह के लिए कर दिया गया था। भृत्य सुखलाल कोल के रिटायरमेंट का समय नजदीक था। गृह ग्राम से दूर पदस्थापना होने से वह अपना ट्रांसफर निरस्त कराने के लिए प्रभारी सहायक आयुक्त डॉ. डीके द्विवेदी से मिलकर समस्या बताई। जिस पर डॉ. द्विवेदी ने 20 हजार रुपए की मांग की। किसी तरह पैसे की व्यवस्था बनाकर सुखलाल कोल द्वारा 15 हजार रुपए प्रभारी सहायक आयुक्त को रिश्वत के रूप में दी। फिर भी उसका स्थानांतरण आदेश निरस्त नहीं किया जा रहा था। डॉ. द्विवेदी शेष 5 हजार की मांग कर रहे थे। मजबूरी में भृत्य सुखलाल कोल ने सहायक आयुक्त के रिश्वत मांगने की लिखित शिकायत लोकायुक्त कार्यालय रीवा संभाग में की। शिकायत मिलने पर उसका परीक्षण लोकायुक्त टीम ने की जो कि सत्यापित मिला। जिसके बाद लोकायुक्त टीम ने आज रिश्वत देने के लिए समय निर्धारित किया।

सहायक आयुक्त ने रिश्वत लेने के लिए अपने कार्यालय में दोपहर को भृत्य को बुलाया था। दोपहर करीब 1 बजे जैसे ही भृत्य सहायक आयुक्त के चेंबर में दाखिल हुआ और 5 हजार रुपए की रिश्वत उनके टेबिल में रख दिया। इसके बाद भृत्य द्वारा रिश्वत देने का इशारा बाहर मौजूद लोकायुक्त टीम को किया। इशारा पाते ही लोकायुक्त टीम सहायक आयुक्त के चेंबर में दाखिल हुई और रिश्वत की राशि के साथ डॉ. डीके द्विवेदी को दबोच लिया। प्रभारी सहायक आयुक्त को लेकर लोकायुक्त टीम बाहर आई और कार्यालय के एक लिपिक को भी अपने साथ में लेकर सर्किट हाउस सीधी पहुंचकर आगे की कार्यवाही में जुट गई। कार्यवाही के पूर्ण होते ही रात में आरोपी प्रभारी सहायक आयुक्त को निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया। प्रभारी सहायक आयुक्त का पदभार संभालने के बाद से ही डॉ. डीके द्विवेदी अपने विवादित कार्यशैली को लेकर काफी सुर्खियों में बने हुए थे। उनके द्वारा स्थानांतरण एवं प्रभार देने के नाम पर जमकर मनमानी की जा रही थी। शिकायत होने के बाद जांच के नाम पर भी अवैध वसूली की जा रही थी।

इस संबंध में छात्रावास सुकवारी में पदस्थ भृत्य एवं शिकायतकर्ता सुखलाल कोल ने बताया कि मैं छात्रावास सुकवारी में पदस्थ था। अब स्थानांतरण अमरवाह के लिए कर दिया गया है। स्थानांतरण को निरस्त कराने के लिए जब सहायक आयुक्त से मिला तो 20 हजार रुपए की मांग की गई। जिसमें 15 हजार रुपए पूर्व में ही दे दिए गए थे। आज शेष बकाया 5 हजार रुपए की रिश्वत सहायक आयुक्त को दिया था। इस संबंध में डीएसपी लोकायुक्त रीवा प्रवीण सिंह ने बताया कि आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त सीधी को आज 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया है। शेष 15 हजार रुपए पूर्व में शिकायतकर्ता से लिए जा चुके थे। यह रिश्वत शिकायतकर्ता से ट्रांसफर को निरस्त करने के लिए ली जा रही थी। ट्रैप की कार्यवाही 12 सदस्यीय टीम द्वारा की गई।

सीधी जिले में विगत कई वर्षों से लोकायुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की खबरे आती रही है लेकिन कार्यवाही के दौरान भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों द्वारा लोकायुक्त टीम के साथ सांठ-गांठ बनाकर मामलें को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है। लोकायुक्त टीम द्वारा 90 दिनों के अंदर जांच कमेटी के समक्ष चालान पेश कर दोषी के ऊपर कार्यवाही किये का प्रावधान होता है। किन्तु समय पर चालान न पेश न होने के कारण कार्यवाही का स्थगन होता रहता है जिसका फायदा उठा करके भ्रष्टाचारी पुन: पदस्थ होकर सरकारी सेवा देते रहते है और भ्रष्टाचार को हवा मिलती रहती है। जिले में विगत दिनों खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र पाण्डेय जिला पंचायत सीधी में व शैलेन्द्र पाण्डेय जनपद पंचायत सिहावल में रिश्वत लेते पकड़े गये थे इन पर लोकायुक्त टीम की लापरवाही से आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही नही की गई यह आज भी सम्बंधित विभाग में सेवारत है। जहा एक ओर जनता को रिश्वत लेने वाले दोषियों पर कार्यवाही किये जाने का भरोसा लोकायुक्त टीम द्वारा दिया जाता है वही दोषियों पर कार्यवाही समय पर न होने से जनता के मन सवालिया निशान भी खडे हो रहे है।

# कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ

## महाविद्यालय मझौली के प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को दी गई जानकारी




**सीधी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुपालन एवं शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली की प्राचार्य डॉ गीता भारती के निर्देशन में ''कॉलेज चलो अभियान'' का शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों एवं अतिथि विद्वानों द्वारा शासकीय सीएम राइस शासकीय उच्चतर माध्यमिक पथरौला, शास उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़ौरा, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मझौली एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली के विद्यार्थियों को 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई। डॉ सुरेश कुमार तिवारी द्वारा केंद्रीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विषय चयन, बहुआगमन एवं निगमन तथा क्रेडिट सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। डॉ संदीप कुमार शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राज्य तथा केंद्र सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डॉ भावना नागेंद्र द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों जैसे स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान एवं पुस्तकालय से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। डॉ वहीदुनिशा द्वारा विद्यार्थियों को मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव,वोकेशनल एवं फील्ड प्रोजेक्ट के साथ-साथ एकेडमिक बैंक का क्रेडिट आदि के बारे में रूबरू कराया गया। इस अभियान में पथरौला के प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र सिंह के साथ साथ अन्य विद्यालयों के प्राचार्य विजय सिंह, बृजेश मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी एवं अन्य शिक्षकों सराहनीय योगदान दिया गया।

# आम रास्ते पर बने अवैध निर्माण पर नगर पालिका द्वारा की गई कार्यवाही



**सीधी।** नगरपालिका सीधी के वार्ड क्रमांक 08 में आम रास्ते पर बने अवैध निर्माण पर नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल की अगुवाई में अतिक्रमण दस्ता द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए वार्ड क्रमांक 08 में आम रास्ते में निर्मित अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन द्वारा हटाया गया। अवैध निर्माण से वहां रहने वाले रहवासियों को आने जाने में समस्या हो रही थी जिस कारण नगर पालिका की अतिक्रमण दस्ता द्वारा कार्यवाही करते हुए मार्ग से अवैध निर्माण हटाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि अवैध निर्माण के खिलाफ इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के वारिसों को स्वीकृत की 10 लाख रूपए की सहायता राशि

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ के सुकमा कोटा क्षेत्र में वर्ष 2005 में ड्यूटी के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद होने वाले सीधी जिले के सिहावल तहसील निवासी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान श्री रामसिया मिश्रा के निकटतम वारिसों को 10 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर यह सहायता व्यक्तिगत आर्थिक नियमों को शिथिल करते हुए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्तव्यनिष्ठा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद को सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिजन के साथ है।

# युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**सीधी।** युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2025 को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जावेगा। जिलास्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मा.वि. क्रमांक 1 सीधी के मैदान में सम्पन्न कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रात: 8.30 से 9 बजे के मध्य छात्रों एवं अन्य अतिथियों का एकत्रीकरण होगा जिसमें छात्रों एवं अन्य अतिथियों को अपने निर्धारित स्थलों पर बैठने की व्यवस्था की जायेगी। इसके पश्चात अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जायेगा। साथ ही माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण अतिथियों द्वारा किया जायेगा।

तद्पश्चात 9.25 से 9.30 तक अतिथिगणों का उद्बोधन पश्चात 9.30 मिनट से 10.15 मिनट के मध्य राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री जी का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा 10.15 से 10.30 बजे तक आभार एवं कार्यक्रम समापन किया जायेगा।

# नेशनल एनिमल डीजीज कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम 15 फरवरी तक जारी रहेगा

**सीधी।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जानकारी देकर बताया है कि संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल के पत्र दिनांक 19.12.2024 के अनुसार जिले में नेशनल एनिमल डीजीज कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत एफएमडी (मुंह पका एवं खुर पका रोग) टीकाकरण कार्यक्रम 01.01.2025 से 15.02.2025 तक पूर्ण किया जाना है। एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम नि:शुल्क भैसवंशीय पशुओं में किया जाना है। टीकाकरण कार्य के सम्पादन के लिए जिले में पदस्थ सभी पशु चिकित्सकों एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के द्वारा किया जावेगा। जिले के समस्त पशुपालक पशु पालन विभाग की नजदीकी संस्थाओं से टीकाकरण कराने में सहयोग प्रदान करें।

# भरत का भ्रातृत्व प्रेम अजर अमर है: बाला व्यंकटेश

**सीधी।** सीधी जिला मुख्यालय में स्थित रमणीय स्थल पूजापार्क में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के आठवे दिन आयोजन समिति के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह पार्षद, सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस ,वरिष्ठ अधिवक्ता लालमणि सिंह,पत्रकार के पी श्रीवास्तव, अंजनी सिंह सौरभ, एस पी शुक्ला, डॉ एच के तिवारी सहित अनेक भक्तों ने कथा व्यास पं बालाव्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक का माल्यार्पण से स्वागत और व्यास पीठ का पूजाअर्चन किये। कथा प्रसंग का विस्तार करते हुए कथा प्रवक्ता ने बताया कि जब महराज दशरथ के पास सुमंत्र आये तब उन्होंने पूछा कि प्राणप्रिय राम,बेटी सीता और लक्ष्मण कहॉ है और किस हालत में हैं तब सुमंत्र भावुक होकर बताये कि वो तीनों बिना पादुका के गंगापार होकर गये हैं।महराज दशरथ यह सुनकर विह्वल हो उठे।अंतत: राम के वियोग में अपना प्राण त्याग ही दिये।महराज जी ने दशरथ मरण के सन्दर्भ में एक रहस्य उद्घाटित किया किया कि उनको श्रवण कुमार के माता पिता



का और श्रवणकुमार का श्राप लगा था।आगे की कथा में महराज जी ने कहा कि भरत को जैसे ही वापस आने पर पता चला कि भैया राम लक्ष्मण सीता बनवास गये हैं वैसे ही सूखे पत्ते की तरह जमीन पर गिर पड़े। भरत अपने पिता के दुखको भूलकर राम लखन से मिलने हेतु व्याकुल हो उठे। गुरुवर वशिष्ठ ने भरत जी से कहा कि महराज दशरथ स्वर्ग सिधार गये और राम जी बनबास चले गये इसलिए जब तक अयोध्या वे वापस नही आते तब तक सिंहासन पर बैठकर अयोध्या का का राजपाट सभालो।भरत ने कहा कि मेरे नाम का प्रस्ताव आया तो राम बनवास को चले गये और यदि सिंहासन पर बैठ गया तो यह अयोध्या रसातल में चली जायेगी। अतएव ऐसी राय मुझे मंजूर नही है जिसमें अयोध्या का हित नहो। इतना ही नही यह पूरा राज पाट राम का है इसको देने का अधिकार किसी को नही है। एक प्रसंग में कथा व्यास जी ने बताया की भरत जी धर्म सार के प्रतीक हैं। आज की कथा को कारुणिक भाव के साथ श्रोताओं के बीच परोसते हुये वातावरण को गमगीन बना दिये। व्यास जी ने आत्म विश्वास के साथ कहा कि भरत का चरित्र अद्भुत है उनके गुण की व्याख्या कर पाना वाणी से संभव नही है।

कल कथा की आरती के समय कमलेश्वर प्रसाद पटेल पूर्व मंत्री, इन्द्रशरण सिंह पूर्व अध्यक्ष भाजपा एवं आज की कथा में मुकुटधारी सिंह, दानबहादुर सिंह, डॉ महेन्द्र सिंह बघेल वैज्ञानिक आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

# भारतीय मजदूर संघ पंचायत पेसा मोबिलाइजर संघ ने सौपा ज्ञापन

**सीधी।** आज दिनांक को भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति को जानकारी देते हुए बताया कि आज पूरे प्रदेश के सभी जिलों में भारतीय मजदूर संघ की अगुवाई में पंचायत पेसा मोबिलाइजर संघ जिला सीधी के अध्यक्ष रजनीश साहू एवं समस्त कार्यकारणी मोबिलाइजर एवं भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा वेतन निर्धारण के संबंध में जारी आदेश में वेतन निर्धारण राशि नहीं दर्शायी गई जो



कि 01 अप्रैल 2024 को लागू की गई थी जिसका भुगतान एक माह किया गया था। परन्तु उसके बाद स्थगन आदेश जारी कर दिया गया था जिससे श्रमिको को निर्धारित वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है। जिसके संबंध में पूरे प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी ज्ञापन सौपा गया है। जिससे श्रमिकों को नये नियम के अनुसार वेतन निर्धारित कर भुगतान किया जाये तथा जारी आदेशानुसार श्रमिको को एरियर्स का भी भुगतान किया जाये। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ जिला ईकाइ सीधी के जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी, कार्यालय मंत्री प्रदीप साहू तथा पंचायत पेसा मोबिलाइजर संघ के अध्यक्ष के साथ समस्त कार्यकारणी उपस्थित रहीं।

# सीएम राइज विद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में निकली गई रैली



**सीधी।** सीएमराइज विद्यालय सीधी में विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक छात्राओं ने रैली निकाली, विद्यालय के प्राचार्य सुभाषचन्द पटेल के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी ज्वाला पटेल के कुशल नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य श्री पटेल ने बताया कि विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आरती पांडेय, अजीता द्विवेदी, मंजुला त्रिपाठी, वीरेन्द्र कुमार तिवारी, संजय तिवारी, आशीष पांडेय, हीरालाल साहू, मुन्नालाल साहू,रामलखन साकेत,एवं समस्त स्टाफ, सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# जनकल्याण शिविर के सभी आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें

## मकर संक्रांति में घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा के प्रबंध करें : मुख्यमंत्री

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जनकल्याण अभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान अब तक मिले 25 लाख 70 हजार आवेदनों में से 22 लाख 60 हजार आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। सभी कलेक्टर जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से निराकरण कराएं। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के संबंध में प्राप्त आवेदन जनकल्याण के पोर्टल के साथ-साथ विभागीय पोर्टल पर भी दर्ज कराएं। आगामी 12 जनवरी को शाजापुर से लाड़ली बहना योजना की राशि जारी की जाएगी। इसके साथ महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मकर संक्रांति में प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों में लाखों लोग स्नान करते हैं। नदी घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। इसी तरह 12 जनवरी को सभी जिलों में सभी शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन कराएं। इसी दिन युवाशक्ति मिशन का भी शुभारंभ हो रहा है। प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर पर भी इससे जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप है। वृद्धाश्रम, रैनबसेरा तथा सार्वजनिक स्थलों में अलाव सहित ठण्ड से बचाव के उचित उपाय करें। कृषि विभाग किसानों को खेती की देखभाल तथा पाले से बचाव के संबंध में जागरूक करे। राजस्व महाभियान में पूरे प्रदेश में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान गांव में रास्ते के विवाद जैसे छोटे-छोटे मसले सुलझाएं। इस वर्ष किसानों को गत वर्ष की तुलना में खाद की आपूर्ति की गई है। प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। इसका समुचित वितरण सुनिश्चित करें। प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के प्रकरण तत्काल स्वीकृत करके राहत राशि का समय पर वितरण कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों की ठीक ढंग से तैयारी कराएं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ ठण्ड के कारण स्कूल के समय में परिवर्तन करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करके आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। नर्मदा नदी की परिक्रमा करने वाले व्यक्तियों के लिए परिक्रमा मार्ग में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आगामी बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करें। इनमें कल्याणी बहनों तथा परित्यक्ता बहनों के भी विवाह कराएं। धान उपार्जन के संबंध में निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में 13 जनवरी तक वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। उपार्जित धान का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को तीन दिन की समय सीमा में भुगतान दें।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 5 लाख 67 हजार किसानों से 36.89 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को 5287 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इस वर्ष उपार्जन के लिए गेंहू के समर्थन मूल्य में 150 रुपए की वृद्धि की गई है। किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन किया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास श्री नीलेश शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### सत्ता परिवर्तन के बाद कनाडा के भारत से रिश्ते होंगे बेहतर

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिर सोमवार को सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी। पिछले कई महीने से वे जिस तरह के जद्दोजहद से गुजर रहे थे, नीतिगत मुद्दों पर भी एक तरह के ऊहापोह और अस्पष्टता के शिकार दिख रहे थे, उससे साफ था कि उनके सामने कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिनका सामना कर पाना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। एक ओर, वे कनाडा में अपने नेतृत्व के प्रति बढ़ते असंतोष, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों का कोई उचित हल पेश नही कर पा रहे थे, तो दूसरी ओर विदेश नीति के मामले में भी उनके रुख पर कई हलकों में हैरानी जताई जा रही थी। ट्रूडो के सत्ता में आने के बाद उम्मीद की गई थी कि आंतरिक मोर्चे पर नीतिगत और जमीनी स्तर पर जनता के हक में बदलाव लाने के साथ-साथ विदेश नीति के मोर्चे पर वे नए समीकरण खड़े करेंगे। मगर बीते कुछ समय से कनाडा में जैसे हालात बन रहे थे, उसमें ट्रूडो के इस्तीफे को उनकी अपनी ही स्थितियों का शिकार होने के तौर पर देखा जा रहा है। कनाडा में कुछ समय पहले हुए एक सर्वेक्षण में सामने आया था कि पहली बार जब ट्रूडो प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्हें तिरसठ फीसद लोग पसंद करते थे, लेकिन अब उनका समर्थन करने वालों की तादाद महज अट्ठाईस फीसद रह गई है। पार्टी और सरकार के ढांचे में भी उन्हें लेकर एक तरह का द्वंद्व चल रहा था। अर्थव्यवस्था की खस्ता हालत, हर स्तर पर बेकाबू महंगाई और भ्रष्टाचार के कई मामलों पर अस्पष्ट रुख की वजह से उनकी लोकप्रियता में लगातार गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, भारत के साथ कूटनीतिक संबंधों के मामले में शायद सिर्फ अपने आग्रहों या नाहक जिद की वजह से ट्रूडो ने लगातार हालात बिगड़ने दिए। हालत यह है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार का रास्ता अब सिर्फ कनाडा की सत्ता में बदलाव को ही माना जा रहा है। अब यह देखने की जरूरत है कि ट्रूडो के बाद कनाडा में सत्ता का नया समीकरण आंतरिक और विदेश नीति के मोर्चे पर क्या रुख अपनाता है।

**मिल्कीपुर सीट पर वोटिंग की तारीख के ऐलान के साथ ही, यूपी सरकार ने इस उपचुनाव के लिए अपनी पूरी मंत्रिमंडल टीम को सक्रिय कर दिया है। सात प्रमुख मंत्रियों को मिल्कीपुर के विभिन्न वर्गों को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश चंद्र शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और जेपीएस राठौर शामिल हैं। ये सभी मंत्री बूथ स्तर पर बैठकें कर वोट बैंक को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए पूरी रणनीति तैयार की है। वह किसी भी कीमत पर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी पार्टी इस सीट पर जीत दर्ज करे।**

### मिल्कीपुर सीट पर योगी और अखिलेश की सियासी टक्कर

# दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

(अजय कुमार )

मिल्कीपुर सीट पर वोटिंग की तारीख के ऐलान के साथ ही, यूपी सरकार ने इस उपचुनाव के लिए अपनी पूरी मंत्रिमंडल टीम को सक्रिय कर दिया है। सात प्रमुख मंत्रियों को मिल्कीपुर के विभिन्न वर्गों को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। यह उपचुनाव 5 फरवरी 2025 को आयोजित होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी 2025 को होगी। इस चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने %मिशन मिल्कीपुर% के तहत पूरी ताकत झोंक दी है, क्योंकि यह सीट उनके लिए विशेष महत्व रखती है। अयोध्या में लोकसभा चुनाव 2024 में मिली हार के बाद, योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए सपा के खिलाफ अपने राजनीतिक प्रभाव को मजबूत करने की रणनीति तैयार की है।

मिल्कीपुर सीट पर वोटिंग की तारीख के ऐलान के साथ ही, यूपी सरकार ने इस उपचुनाव के लिए अपनी पूरी मंत्रिमंडल टीम को सक्रिय कर दिया है। सात प्रमुख मंत्रियों को मिल्कीपुर के विभिन्न वर्गों को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश चंद्र शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और जेपीएस राठौर शामिल हैं। ये सभी मंत्री बूथ स्तर पर बैठकें कर वोट बैंक को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए पूरी रणनीति तैयार की है। वह किसी भी कीमत पर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी पार्टी इस सीट पर जीत दर्ज करे।



मिल्कीपुर की यह सीट योगी के लिए न केवल एक चुनावी चुनौती है, बल्कि एक प्रतिष्ठा का सवाल भी बन चुकी है। इस सीट को लेकर उनकी चिंता इस हद तक बढ़ गई है कि उन्होंने महाकुंभ की तैयारियों के बावजूद मिल्कीपुर का पांचवीं बार दौरा किया है।

इस दौरान सीएम योगी ने प्रभारी मंत्रियों और संगठन पदाधिकारियों को बूथ मजबूत करने और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने का संदेश दिया। योगी की यह सक्रियता इस बात का संकेत है कि वह इस उपचुनाव को लेकर कितने गंभीर हैं और उनकी सरकार इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रही है।

समाजवादी पार्टी के लिए भी यह उपचुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। मिल्कीपुर सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है, और इस सीट पर भाजपा के खिलाफ सपा ने अपनी राजनीतिक ताकत को स्थापित किया है। सपा के लिए यह चुनौती इसलिए और भी कठिन हो जाती है, क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से 37 सीटों पर सपा ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, नवंबर 2024 में हुए उपचुनाव में सपा को निराशा हाथ लगी थी, जहां पार्टी केवल 2 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी थी। ऐसे में मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव में सपा अपने प्रतिष्ठा की लड़ाई लड़ रही है।

मिल्कीपुर सीट छह महीने से रिक्त पड़ी है, क्योंकि सपा के विधायक अवधेश प्रसाद ने 13 जून, 2024 को इस्तीफा दे दिया था। 12 दिसंबर को उनके इस्तीफे को छह महीने पूरे हो गए थे, जिसके बाद चुनाव आयोग ने उपचुनाव की तारीख का ऐलान किया है। इससे पहले, चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था, लेकिन मिल्कीपुर सीट का मामला अदालत में विचाराधीन था, जिसके कारण इस सीट पर उपचुनाव की तारीख नहीं घोषित हो पाई थी।

मिल्कीपुर के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने 2022 में इस सीट से सपा के विधायक अवधेश प्रसाद के चुनाव को उनके नामांकन पत्रों में विसंगतियों का हवाला देते हुए चुनौती दी थी। हालांकि, चुनाव याचिका को वापस लेने के बाद यह मामला अब तक लंबित था। अब चुनाव आयोग ने इस सीट पर उपचुनाव की तारीख तय कर दी है, और राजनीतिक दलों के लिए यह लड़ाई और भी रोमांचक होने वाली है।

# काश ! अपने बुजुर्गों को हम काम लायक समझा पाते

**भारत में रिटायरमेंट की वही पारंपरिक उम्र चली आ रही है- 60 या 58 वर्ष। तर्क यह दिया जाता है कि अगर पुराने लोग रिटायर नहीं होंगे, तो नए लोगों को काम कैसे मिलेगा? सोचिए, अपने देश में दस करोड़ से अधिक की आबादी को हाथ पर हाथ रखकर रहकर बस मृत्यु का इंतजार करना है। इनमें से बहुत कम बुजुर्गों के पास पेंशन की सुविधा है, जिससे वे अपना भरण-पोषण कर सकें। अधिकांश वृद्ध अपने बच्चों और परिवार पर निर्भर हैं और इस निर्भरता में वे तरह-तरह की मुसीबतें झेलते हैं।**

(क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार)

भारत में चिकित्सकीय सुविधाओं के विस्तार के कारण औसत आयु में लगातार वृद्धि हो रही है। इस समय देश में बुजुर्गों की आबादी दस करोड़ से ज्यादा है। इनमें से 40 प्रतिशत बुजुर्ग गरीबी में जीते हैं। 18.5 प्रतिशत से अधिक के पास कोई नियमित आय नहीं है। ऐसे बुजुर्गों की स्थिति कैसी होती होगी, यह आसानी से समझा जा सकता है। पश्चिमी देशों में इसीलिए रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जा रही है, जिससे बुजुर्ग भी देश की तरक्की और उसकी आर्थिकी को बढ़ाने का काम कर सकें। अमेरिका में यह 67 साल है, तो कई देशों में 65 वर्ष। जर्मनी में भी 67 वर्ष है। अपने यहां शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वालों की भी सेवानिवृत्ति की उम्र निर्धारित है, जबकि अमेरिका में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले लोग शायद ही कभी रिटायर होते हैं। अमर्त्य सेन इसका बड़ा उदाहरण हैं।

भारत में रिटायरमेंट की वही पारंपरिक उम्र चली आ रही है- 60 या 58 वर्ष। तर्क यह दिया जाता है कि अगर पुराने लोग रिटायर नहीं होंगे, तो नए लोगों को काम कैसे मिलेगा? सोचिए, अपने देश में दस करोड़ से अधिक की आबादी को हाथ पर हाथ रखकर रहकर बस मृत्यु का इंतजार करना है। इनमें से बहुत कम बुजुर्गों के पास पेंशन की सुविधा है, जिससे वे अपना भरण-पोषण कर सकें। अधिकांश वृद्ध अपने बच्चों और परिवार पर निर्भर हैं और इस निर्भरता में वे तरह-तरह की मुसीबतें झेलते हैं। उन्हें अकेला छोड़ दिया जाता, वक्त पर इलाज नहीं मिलता। बहुत बार वे भीख तक मांगने को मजबूर होते हैं। अभी बनारस की एक खबर सुर्खियां बनी थी, जिसमें एक लेखक को उसके बच्चों ने घर से निकाल दिया। उनके पास अस्सी करोड़ रुपये की संपत्ति भी थी, लेकिन अंतिम दिन एक कुष्ठ आश्रम में काटने पड़े। सूचना के बावजूद अंतिम संस्कार के वक्त भी बच्चे नहीं आए। देश के एक बड़े उद्योगपति के साथ भी ऐसा हो चुका है।



मैं जहां रहती हूं, उसके आस-पास कई पार्क हैं। वहां देखती हूं कि बहुत से लोग यूं ही खाली बैठे रहते हैं। कई तो ऐसे हैं, जो गर्मी की भरी दोपहर में भी वहां नजर आते हैं। उन्हें देखकर लगता है, क्या घर के अंदर उनके लिए कोई जगह नहीं? यह भी कि अगर इनके पास कोई काम होता, तो ये इस तरह न बैठे रहते? डॉक्टर कहते हैं कि काम करते आदमी के मुकाबले खाली बैठा आदमी बहुत जल्दी रोगों का शिकार हो जाता है। डिप्रेशन यानी अवसादग्रस्तता की बीमारी उनमें से एक है। इसीलिए अध्ययन बता रहे हैं कि बुजुर्गों में 'रिटायरमेंट डिप्रेशन' बढ़ता जा रहा है। जीवन भर, सुबह-शाम नौकरी की आपाधापी में लगे रहे, अब एकदम खाली हो गए, ऐसे में यही सोच हावी हो जाती है कि अब दिन कैसे कटेगा? और यदि आय का कोई नियमित साधन या स्रोत न हो, तो जीवन कैसे चलेगा?

इन दिनों बहुत से परिवारों के बच्चे या तो विदेश चले गए हैं या वे किसी दूसरे शहर में हैं। पैतृक शहर में भी हों, तो प्राय¬ माता-पिता के साथ नहीं रहना चाहते। ऐसे में, यह भावना आना स्वाभाविक है कि जिनके लिए जीवन खपा दिया, अंत में क्या हाथ आया? बड़े शहरों में तो फिर भी अगर घर में जगह न मिले, तो लोग मजबूर होकर वृद्धाश्रम का रुख कर लेते हैं, मगर छोटे शहरों में तो यह सुविधा भी नहीं है। बहुत से बुजुर्गों को घर में होते हुए भी बहुत अकेलेपन का सामना करना पड़ता है। चूंकि वे जिंदगी भर घर से बाहर रहे, इसलिए अब हर वक्त घर में रहना पत्नी और बच्चों को ही पसंद नहीं आता।

इन बुजुर्गों के लिए क्यों नहीं ऐसी व्यवस्थाएं की जातीं, जिनसे वे समाज और बच्चों पर खुद को बोझ न समझें और रिटायरमेंट को जीवन का अंत न मान बैठें। देखा जाए, तो यह उन बुजुर्गों की समस्या ज्यादा है, जो मध्यवर्ग, निम्न मध्यवर्ग से आते हैं और नौकरी-पेशा रहे हैं, वरना न तो किसान कभी रिटायर होते हैं, न व्यापारी, न ही छोटे-मोटे काम करने वाले लोग ही। इनके अलावा साधारण महिलाएं, चाहे वे नौकरी भी करती रही हों, कभी रिटायर नहीं होतीं। पूरी उम्र घर के काम उनके सामने मुंह बाए खड़े रहते हैं। इसलिए सरकारों और निजी क्षेत्र को अब ऐसी योजनाएं बनानी चाहिए, जिनसे बुजुर्गों को भी काम मिल सके।

## वर्ग पहेली 5609

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | 19 | |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | | 24 | | ■ | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1947 को इन्होनें भारत के उपप्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला था (8)
7. महिला ईसाई पादरी (2)
8. गले की नली, कंठ, आहार नली (3)
9. हिंदी साहित्य का एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या अधिक बार आता है और इसका प्रत्येक बार भिन्न अर्थ होता है (3)
11. कर्नाटक का यह जिला स्वर्ण खानों के लिए प्रसिद्ध है (3)
12. जूते का निचला हिस्सा (2)
13. चंद्रमा, मयंक (2)
15. जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ (3)
17. नफीरी (4)
20. एक बार सांस लेने का समय, खींच, कश (2)
22. राजी करना, प्रसन्न करना, समझाना-बुझाना (3)
23. यह भारत की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म थी (1931)(3)
26. कुपित दृष्टि के प्रभाव में आना, भेंट उपहार, सौगात (4)

**ऊपर से नीचे**
1. उत्तराधिकारी पत्र, बिल (6)
2. अपुष्ट समाचार, उड़ती हुई खबर (3)
3. प्रतीति, अहसास, बोध (2)
4. अग्र, आदिम, अव्वल नंबर (3)
5. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
6. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
10. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
11. प्रयत्न, चेष्टा (3)
14. परिवर्तन करना, मुकरना, उपांतरण करना (4)
18. मर्मज्ञ (4)
19. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
21. मेर यार मेरी (2)
23. अग्नि (2)
24. हाव-भाव, नाजोअदा, प्रतिज्ञा, गौरव (2)

**वर्ग पहेली 5608 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | ल | म | सं | जी | व | रे | ड्डी |
| ति | ल | क | | ना | | ज | |
| | क | बे | ल | | बे | गा | ना |
| आ | | ल | ह | जा | | री | वा |
| ला | भ | | र | ज | र | | कि |
| प | र | दा | दा | | खि | ला | क |
| | पा | | र | | वा | म | |
| र | ई | स | | भू | | | |

# हर बार हाहाकारी नहीं होता गिरता रुपया

(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)

रुपया डॉलर के मुकाबले गिरावट के नए-नए रिकॉर्ड बना रहा है। एक डॉलर की कीमत बीते हफ्ते 85 रुपये के पार चली गई। समझदार लोग कहेंगे कि रुपया गिर नहीं रहा है, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा है। मगर छुरी खरबूजे पर गिरे या खरबूजा छुरी पर, कटना तो खरबूजे को ही है। डॉलर का मजबूत होना अरसे से हमारे देश में फिक्र का कारण रहा है। इसे लेकर तरह-तरह की किंवदंतियां भी चलती हैं। जैसे, आजादी के समय एक रुपया एक डॉलर के बराबर था। यह बात कतई सही नहीं है, क्योंकि आजादी के वक्त तो भारत का खजाना ब्रितानी व्यवस्था का हिस्सा था और भारतीय रुपये का अंतरराष्ट्रीय लेन-देन ब्रिटिश मुद्रा पाउंड के दाम से जुड़ा हुआ था। तब रुपये का भाव रोज-रोज बदलता भी नहीं था। फॉर्मूला तय था कि एक ब्रिटिश पाउंड की कीमत 13.333 रुपये होगी। उस वक्त बाजार में एक पाउंड करीब चार डॉलर का था, इस गणित से एक डॉलर की कीमत करीब 3.333 रुपये होती है। यहां यह जानना भी जरूरी है कि तब का भारतीय रुपया भी अलग था। उस वक्त रुपया आना, पाई वाली व्यवस्था चलती थी और एक रुपये में 64 पैसे होते थे। चार पैसे का एक आना और रुपया होता था सोलह आने का। आजादी के बाद भी यह आना सीरीज चलती रही, जहां एक रुपये में सोलह आने, 64 पैसे और 192 पाई होती थी। चवन्नी और अठन्नी के नाम भी वहीं से आए थे। मगर 1957 में भारत ने मीट्रिक प्रणाली अपनाई और रुपये में सौ पैसे होने लगे। इसके साथ ही एक, दो, तीन, पांच, दस, पच्चीस और पचास नए पैसे के सिक्के जारी किए गए। बीस पैसे का सिक्का बाद में आया था, फिर रुपये और उसके ऊपर के सिक्के भी। काफी समय तक बाजार में पैसे और नए पैसे साथ-साथ चलते रहे। फिर 1968 में नए पैसे को औपचारिक तौर पर पैसे कहा जाने लगा और पुराना पैसा चलन से बाहर हो गया।

इतना किस्सा इसलिए, क्योंकि यह समझना जरूरी है कि मुगलों के दौर के या उसके पहले के चांदी-सोने वाले रुपये या फिर आजादी के वक्त के रुपये की दुनिया के बाजार में जो भी कीमत थी, उसके साथ आज के रुपये के तुलना करना शायद ज्यादती होगी। और, यह भी समझना चाहिए कि किसी दूसरी मुद्रा के मुकाबले रुपये का कमजोर होना हमेशा नुकसानदेह नही होता। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के हिसाब से कई बार अपनी मुद्रा का सस्ता होना बेहद फायदेमंद साबित होता है, क्योंकि इससे हमारा निर्यात खरीदारों की नजर में सस्ता हो जाता है। जैसे, भारत से सौ रुपये की चीज अगर अमेरिका जा रही है और डॉलर की कीमत पचास रुपये हो, तो खरीदार को दो डॉलर देने पड़ेंगे, लेकिन अगर आज डॉलर 85 रुपये के ऊपर है, तो खर्चा सवा डॉलर से भी कम हो गया। चीन ने अपना माल दुनिया भर के बाजार में भरने के लिए यही नुस्खा सफलतापूर्वक आजमाकर दिखाया है। कई दशकों से उस पर यह इल्जाम लगता रहा है कि वह अपनी मुद्रा को जान-बूझकर कमजोर रख रहा है, ताकि निर्यात के मोर्चे पर वह दूसरों को मात देता रहे। आजादी के बाद लंबे समय तक भारत में विदेशी मुद्रा का भाव या विनिमय दर (जिस दर पर कोई विदेशी मुद्रा खरीदी या बेची जाएगी) सरकार ही तय करती थी।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज लाभ का दिन है और आपके लिए तरक्?की के योग हैं। कार्यक्षेत्र में जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। आपको संतान पक्ष के लोगों से आशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम के वक्?त आपका कोई रुका कार्य बन सकता है।

**वृष**
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन संतोष व शांति से भरा होगा। राजनीतिक क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ आपको मिल सकता है और आपके कुछ रुके कार्य पूर्ण हो सकते है।

**मिथुन**
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

**कर्क**
आज अचानक धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापारिक योजनाओं में गति आएगी। आपका मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी फैसला लेने से बचें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है।

**सिंह**
आज राजनीति के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आप संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। प्रतिस्पर्धा में आप आगे बढ़ेंगे। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। पाचन संबंधी समस्या और आंखों में तकलीफ हो सकती है। शाम से लेकर रात तक का समय अपनों के साथ हंसी-खुशी में बीतेगा।

**कन्या**
आज लाभ और सफलता प्राप्?त होगी। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत हो सकती है ।

**तुला**
आज भाग्?य साथ देगा और आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज करियर में सफलता प्राप्?त होगी और आपका दिन शानदार बीतेगा। आपको किसी बीमारी के कारण से डॉक्?टर के चक्?कर लगाने पड़ सकते हैं। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। आपके सम्?मान में वृद्धि होगी और आपके लिए तरक्?की के योग बनेंगे।

**धनु**
आज घर के सामान पर खर्च करना पड़ सकता है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है। पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें, धन फंस सकता है। दिन में सरकारी कामों या कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं, लेकिन अंत में आपकी जीत होगी।

**मकर**
आज का दिन गुरु और चंद्रमा की युति से लाभप्रद रहेगा। आपको वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी से खुशी और लाभ मिलने का योग है। आप जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई काम शुरू कर सकते हैं। ससुराल पक्ष के संबंधियों से भी आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ**
आज नौकरीपेशा लोगों को उनकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। प्रतिस्पर्धा की भावना तेज रहेगी। काम की अधिकता के कारण आराम का समय कम मिलेगा। काम के दबाव में चिड़चिड़ापन से बचें, बेवजह के झगड़े हो सकते हैं। पैसों के मामले में दिन शुभ रहेगा।

**मीन**
आज ज्यादातर समय ऑफिस के बाहर के कामों में बीतेगा। आपकी योजनाओं पर काम करने में कुछ मुश्किलें आ सकती हैं। काम के साथ-साथ मनोरंजन पर भी ध्यान रहेगा, जिस पर काफी खर्च होगा।रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कुंभ से भी बड़ा गंगासागर मेला, राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिया जाना चाहिए : ममता



कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि गंगासागर मेला 'कुंभ मेले से भी बड़ा है' और इसलिए केंद्र सरकार को इसे राष्ट्रीय मेले का दर्जा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कुंभ मेले के आयोजन के लिए हजारों करोड़ रुपये मुहैया कराती है लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार को मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर कपिल मुनि मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक गंगासागर मेले के लिए सभी प्रावधान करने होते हैं। बनर्जी ने यहां गंगा नदी (हुगली) के तट पर मेले का उद्घाटन करने के बाद कहा, हम पिछले 10 वर्षों से गंगासागर मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिलाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह कुंभ मेले से कम नहीं बल्कि उससे भी बड़ा है। बनर्जी ने कहा कि देश के सभी कोनों से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मेला स्थल पर विभिन्न भाषाओं में घोषणाएं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले तक सड़क, हवाई और रेल मार्ग से पहुंचना आसान है, लेकिन कोलकाता से लगभग 130 किलोमीटर दूर स्थित सागर द्वीप तक जाना बहुत कठिन है, क्योंकि तीर्थयात्रियों को रास्ते में नदी को नौका द्वारा पार करना पड़ता है।

### मणिपुर में 90 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई : मुख्यमंत्री



इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि सुरक्षा बलों और वन अधिकारियों ने उखरुल जिले में 90 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट कर दी है। यह अभियान बृहस्पतिवार को लुंगचोंग माईफेई पुलिस थाना क्षेत्र में फली पहाड़ी रेंज में संचालित किया गया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''मादक पदार्थ के खिलाफ जंग में एक और सफलता मिली। उखरुल जिला पुलिस, 6 एमआर, 18 एआर और वन विभाग के संयुक्त बलों ने उखरुल जिले के लुंगचोंग माईफेई (एलएम) पुलिस थाना क्षेत्र की फली पहाड़ी रेंज में 90 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट कर दी और 12 झोपड़ियों को जला दिया।'' उन्होंने कहा, '' प्राथमिकी दर्ज की गई है। मैं त्वरित और समन्वित उपायों के लिए संयुक्त बलों की सराहना करता हूं।

### चाय वाले बाबा का अनोखा हठ, मौन रहकर करवाते हैं आईएएस की तैयारी; 40 साल से नहीं खाया अन्न

प्रयागराज, एजेंसी। प्रयागराज के महाकुंभ में जहां करोड़ों भक्त पुण्य स्नान कर रहे हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से एक चमत्कारी व्यक्तित्व की खबर ने सबको चौंका दिया है। चाय वाले बाबा के नाम से मशहूर दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी पिछले 40 सालों से मौन साधना और अन्न त्याग कर सिविल सेवा के छात्रों को निशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। इस अद्भुत संन्यासी का जीवन सिर्फ दस कप चाय पर टिका है और उनकी शिक्षा का माध्यम व्हाट्सएप है। बाबा के शिष्य राजेश सिंह बताते हैं, गुरुजी मौन रहते हैं, लेकिन हमें उनके इशारों और व्हाट्सएप संदेशों से मार्गदर्शन मिलता है। उनका उद्देश्य छात्रों को अधिकारी बनाना है। मौन रहने का कारण पूछने पर वे लिखते हैं कि इससे ऊर्जा का संचय होता है, जिसे वे दुनिया की भलाई में लगाते हैं। इस बीच भगवान शिव की अनन्य भक्त फ्रांस के रहने वाले पास्कल काफी चर्चा में हैं। पास्कल प्रयागराज के महाकुंभ मेला 2025 में शामिल हुईं। उन्होंने कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। यह पवित्र स्थान आत्मा की शुद्धि के लिए है। यहां आकर मैंने कई योगियों, साधुओं और हिंदू लोगों से मुलाकात की। महाकुंभ हर 12 साल में आयोजित होता है, इस बार यह 45 करोड़ से अधिक भक्तों की उपस्थिति में आयोजित हो रहा है। गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर श्रद्धालु अपने पापों का प्रायश्चित करने और मोक्ष की प्राप्ति के लिए डुबकी लगाएंगे है। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर होने वाले शाही स्नान मुख्य आकर्षण हैं।

## हिमाचल सरकार का फैसला

# बीपीएल में शामिल होंगे ऐसे परिवार जिनमें परिवार का मुखिया महिला है



शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने कई बड़े फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में कैबिनेट ने ऐसे परिवारों को गरीबी रेखा से नीचे यानी बीपीएल सूची में शामिल करने को मंजूरी दी है जिनमें 18 से 59 साल के बीच का कोई वयस्क सदस्य नहीं है, जिनका मुखिया महिला है या जिन परिवारों के मुखिया 50 फीसदी या उससे अधिक विकलांग हैं। बैठक में सामाजिक सुरक्षा, नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना और प्रशासनिक सुधारों पर खास जोर दिया गया है।

मंत्रिमंडल ने ऐसे परिवारों को गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) सूची में शामिल करने को मंजूरी दे दी, जिनमें 18 से 59 साल के बीच कोई वयस्क सदस्य नहीं है, जिनका मुखिया महिला है या जिनके मुखिया 50 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांग हैं। जारी बयान में कहा गया है कि जिन परिवारों ने पिछले वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कम से कम 100 दिन काम किया है और जिनके कमाने वाले सदस्य कैंसर, अल्जाइमर, पार्किंसन, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, थैलेसीमिया या किसी अन्य स्थिति जैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता होती है, उन्हें भी बीपीएल सूची में शामिल किया गया है। प्रदेश में ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) गठित करने का भी निर्णय लिया गया है। यह एसटीएफ नशे के खिलाफ लड़ाई में संगठित अपराध नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में काम करेगी। भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1ए में संशोधन के लिए अध्यादेश जारी करने को मंजूरी दी गई। इस संशोधन के तहत राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से हिमाचल प्रदेश काश्तकारी और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118(2)(एच) के अंतर्गत सुरक्षित हस्तांतरण और पट्टा लेन-देन पर 12 प्रतिशत की एक समान स्टाम्प ड्यूटी दर लगाई जाएगी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मंत्रिमंडल ने तारा देवी मंदिर के आसपास के क्षेत्र को हरित क्षेत्र घोषित करने का निर्णय लिया ताकि ग्रीन बेल्ट में मानवीय दखल को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त सफेदा, चिनार और बांस की कटाई पर प्रतिबंध लगाया गया। खैर की कटाई के लिए निर्धारित दस वर्षीय कार्यक्रम को जारी रखने का निर्णय भी लिया गया। ग्रीन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नालागढ़ में एक मेगावाट के हरित हाइड्रोजन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। यह प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाएगा। पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाने का भी निर्णय लिया गया। परियोजनाओं के आरंभ से पहले 10 वर्षों तक यह शुल्क 2.5 लाख रुपये प्रति मेगावाट प्रति वर्ष होगा, जिसे बाद में बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति मेगावाट कर दिया जाएगा। दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को मंजूरी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत उन क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे जहां प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच सीमित है। मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार से किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के विद्युत घटक के लिए 90:10 फंडिंग के फार्मूले को अपनाने का आग्रह दोहराया। इसके साथ ही अंतर-राज्यीय समझौते के तहत राज्य सरकार द्वारा देय राशि के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त कर्ज का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में पांच मेगावाट से अधिक क्षमता वाली जल विद्युत परियोजनाओं और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के अलावा हरित हाइड्रोजन, बायोमास और पंप स्टोरेज परियोजनाओं के आवंटन और निगरानी का कार्य ऊर्जा विभाग को सौंपने का निर्णय लिया गया। वैट, सीएसटी और प्रवेश कर अधिनियमों के तहत लंबित मामलों और बकाया निपटान के लिए हिमाचल प्रदेश सद्भावना विरासत मामले समाधान योजना-2025 को मंजूरी दी गई। इसके तहत करदाताओं को अपने लंबित विवादों का समाधान करने के लिए विशेष अवसर मिलेगा। प्रशासनिक सुधारों के तहत जिला कांगड़ा की पंचरुखी उप-तहसील को तहसील के रूप में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया गया। जिला शिमला के धमवाड़ी, चंबा के साहो और कांगड़ा के चचियां में नई उप-तहसीलें खोलने की मंजूरी दी गई। सिरमौर जिले के शिलाई खंड प्राथमिक शिक्षा कार्यालय को विभाजित कर रोहनाट में नया खंड प्राथमिक शिक्षा कार्यालय स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया। विकास खंड लंबागांव की मटयाल, कुड़ाल और ढडोल ग्राम पंचायतों को बैजनाथ खंड में स्थानांतरित किया गया ताकि इन क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण के लिए लैंड पूलिंग पॉलिसी-2025 को मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश राज्य जल सूचना विज्ञान केंद्र की स्थापना को भी स्वीकृति दी गई।



### दिल्ली के बाद मुंबई में बिखरेगा इंडिया गठबंधन! उद्धव ठाकरे ले सकते हैं बड़ा फैसला

मुंबई, एजेंसी। राजधानी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तस्वीर मुंबई में भी बनती नजर आ रही है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि BMC यानी बृह्ममुंबई महानगरपालिका के चुनाव में शिवेसना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) अलग चुनाव लड़ सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया है, लेकिन बड़े नेता ऐसे संकेत दे रहे हैं। महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) शामिल हैं। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने संकेत दिए हैं कि जो हाल दिल्ली में देखा जा रहा है, वैसा मुंबई में भी हो सकता है। खास बात है कि बीएमसीचुनाव कुछ समय में होने हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में एमवीए को महायुति के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। खबरें थीं कि शिवसेना यूबीटी के नेता पार्टी पर अकेले चुनाव लड़ने का दबाव डाल रहे थे। हालांकि, अब तक पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**कांग्रेस पर निशाना :** सामना के संपादक में कहा गया, अब भी मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच ही है। कांग्रेस पार्टी मैदान में है और कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी की बजाय केजरीवाल और 'आप' पर हमला कर रही है। दिल्ली के लोगों को इस बात पर हैरानी हो रही होगी। जब देश मोदी-शाह की तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा है तो कांग्रेस भाजपा के बजाय 'आप' पर कीचड़ उछाल रही है। राउत ने यह भी कहा, आप और कांग्रेस इंडिया ब्लॉक में शामल हैं, लेकिन दिल्ली में अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। जो दिल्ली में हो रहा है, वैसा मुंबई में भी हो सकता है। खास बात है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस और आप ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था।

### जहां शहीद हुए थे 8 जवान, वहीं अब 13 नक्सलियों ने किया सरेंडर; दो पर 5-5 लाख का इनाम



बीजापुर , एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 13 नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर किया है। इनमें 5-5 लाख के दो इनामी नक्सली भी शामिल हैं। ये सभी नक्सली इलाके में सक्रिय रूप से नक्सली गतिविधियों में शामिल थे। माओवादी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की साजिशों में भागीदार भी रहे हैं। इसमें एक दंपती भी है, जो लाल आतंक का साथ छोड़ मुख्यधारा में आएं हैं। दो दिन पहले इसी बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में 8 जवान शहीद हुए थे, जबकि एक ड्राइवर की भी मौत हो गई थी। बीजापुर में 13 नक्सलियों ने नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर सरेंडर किया है। इनमें 5-5 लाख के दो इनामी नक्सली भी शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी नक्सली इलाके में सक्रिय रूप से नक्सली गतिविधियों में शामिल थे और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की साजिशों में भागीदार रहे हैं। इन पर जिले की विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सरेंडर करने वाले माओवादियों ने बताया कि वे राज्य सरकार की नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। सरकार अब उनके पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी और उन्हें योजना के तहत सभी लाभ प्रदान किए जाएंगे। बता दें कि हाल ही में बीजापुर जिले के कुटरू इलाके में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर बड़ा हमला किया था। सोमवार को हुए इस हमले में माओवादियों ने आईईडी विस्फोट कर सुरक्षाबलों के वाहन को उड़ा दिया था।

## पुणे में अपराध देख पुलिस पर भड़के अजित पवार, बोले- न संभल रहा हो तो बता दें हमें



पुणे , एजेंसी। पुणे में कॉल सेंटर की महिला कर्मचारी की दर्दनाक हत्या का मामला तूल पकड़ रहा है। इसी बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुलिस को चेतावनी दी है कि अगर अपराध पर लगाम नहीं लगाई गई, तो उनकी जगह दूसरे अधिकारी लाए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बढ़ते अपराध का जिम्मेदार भी पुलिस को करार दिया है। 28 वर्षीय शुभदा कोडारे की दिन दहाड़े एक युवक ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।

गुरुवार को पवार ने कहा कि अगर पुलिस पुणे में अपराध पर लगाम लगाने में असमर्थ है, तो कहीं न कहीं उसकी कमी है जबकि उसे बुनियादी ढांचे संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। महाराष्ट्र का दूसरा सबसे बड़ा शहर अकसर कोयता गिरोहों के लिए चर्चा में रहता है, जो दरांती जैसे लंबे ब्लेड वाले हथियारों से लोगों को निशाना बनाते हैं। ऐसे कई हमलों की घटनाएं सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई हैं, जिससे आम नागरिकों में डर और परेशानी बढ़ गई है। इन गिरोहों के बारे में पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस (जिनके अधीन गृह विभाग है) ने इन मामलों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। इस क्षेत्र (पवार जिले के बारामती से विधायक हैं) का प्रतिनिधि होने के नाते, मैंने भी इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लिया है। अजित पवार ने दावा किया कि सभी जानते हैं कि पुलिस के काम में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है। राकांपा प्रमुख ने कहा, बुनियादी ढांचे, आवास, नए कार्यालय और मानव संसाधन के मामले में विभिन्न सुविधाएं दिए जाने के बावजूद अगर पुलिस इन अपराधों पर लगाम लगाने में असमर्थ है, तो इससे पता चलता है कि पुलिस बल में वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर कहीं न कहीं कोई कमी है। अगर वे स्थिति से निपटने में सक्षम नहीं हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करना चाहिए और हम अपराध को नियंत्रित करने के लिए बेहतर अधिकारी तैनात करेंगे। पुणे में बीपीओ यानी बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग कंपनी में काम करने वाली 28 वर्षीय महिला की मंगलवार शाम को उसके पुरुष सहकर्मी ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी। घटना येरवडा इलाके में स्थित कंपनी डब्ल्यूएनएस के पार्किंग स्थल में हुआ। पीड़िता की पहचान शुभदा कोडारे के रूप में हुई है, जबकि आरोपी का नाम कृष्णा कनोजा है, जो कंपनी के लेखा अनुभाग में काम करता था।

## पत्नी ने पति पर लगाए छेड़छाड़ के आरोप, एफआईआर भी दर्ज कराई, हाईकोर्ट पहुंचा मामला



मुंबई, एजेंसी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने पत्नी के साथ छेड़खानी के आरोपी पति के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया है। पति के आरोप थे कि उसके वैवाहिक जीवन में कलह के चलते उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं, महिला के आरोप हैं कि पति ने उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पति की तरफ से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका पर जस्टिस रविंद्र घुघे और जस्टिस राजेश पाटिल की बेंच सुनवाई कर रही थी। 7 जनवरी को बेंच के आदेश में कहा गया, हमें नहीं लगता कि इस कार्यवाही में छोटा ट्रायल चलाकर यह पता लगाया जा सकता है कि FIR में दर्ज बातें पूरी तरह से झूठी हैं और FIR को रद्द करदिया जाना चाहिए। ऐसे में याचिका खारिज की जाती है। याचिकाकर्ता के खिलाफ मुंबई के कस्तूरबा सब पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज हुई थी।

**आरोप :** लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, पत्नी ने 26 फरवरी 2024, को दर्ज कराई FIR में आरोप लगाए हैं कि पति उसके बेडरूम में जबरन अंदर आ गया और उसके साथ बहस की। इसके चलते उन्होंने पुलिस से पति के खिलाफ धारा 506 लगाने की अपील की है। अगले ही दिन पति जबरन बेडरूम में आया और पत्नी की अनुमति के बगैर टॉयलेट का इस्तेमाल किया। जब उन्होंने सवाल किया, तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। खबर है कि पत्नी ने घटना का वीडियो रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो पत्नी ने फोन छीन लिया और उसके स्तन छू लिए। पत्नी का कहना है कि यह सब बगैर उसकी अनुमति के हो रहा था और वह अपमानित महसूस कर रही थी। इसके बाद दोनों किचन के पास गए और पति ने उसके साथ मारपीट की। इधर, पति की तरफ से दाखिल याचिका में कहा गया है कि दोनों अपने 10 साल के बेटे के साथ एक ही घर में रहते हैं, लेकिन वैवाहिक कलह के चलते पत्नी बच्चे के साथ बेडरूम में और पति लिविंग रूम में सोता है। पति के आरोप हैं कि उसके खिलाफ दर्ज FIR प्रेरित है। उनका कहना है कि पत्नी ने झूठी कहानी बनाई है और पुलिस को झूठे बयान दिए हैं।

## उत्तर प्रदेश और बिहार वाले अरविंद केजरीवाल के बयान पर भड़के गिरिराज सिंह



बेगूसराय, एजेंसी। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को भाजपा पर फर्जी वोट बनवाने का आरोप लगाते हुए ऐसी टिप्पणी कर दी थी, जिस पर वह खुद घिर गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यूपी और बिहार के लोगों को लाकर फर्जी वोट बनवाए जा रहे हैं। इस पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है और अरविंद केजरीवाल पर यूपी, बिहार और पूर्वांचल के लोगों के अपमान का आरोप लगाया है। यही नहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी अरविंद केजरीवाल पर तीखा अटैक किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल तो नमक हराम हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि इस आदमी ने हमेशा किसी न किसी को धोखा दिया है। अन्ना हजारे जैसे व्यक्ति को भी इसने धोखा दिया है। गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में कहा, अरविंद केजरीवाल जो खुद फर्जी है और धोखेबाज है। वह कहता है कि बिहार और यूपी का आदमी जो 500 रुपये का टिकट कटाकर आता है और 5 लाख का इलाज कराके जाता है, उसे घुसने नहीं देंगे। यह फर्जी आदमी जिस थाली में खाता है, उसी में छेद करता है। इस आदमी ने अन्ना हजारे को धोखा दिया। यूपी, बिहार और पूर्वांचल के लोगों को धोखा दिया। इस आदमी ने रिक्शा वालों और ऑटो वालों को धोखा दिया। इसने कहा था कि यदि 2025 तक यमुना साफ नहीं होगी तो मैं वोट नहीं मांगूंगा। आज यह आदमी वोट मांगने के लिए दर-दर भटक रहा है। आप यूपी और बिहार वालों को फर्जी कह रहे हैं।

**यूपी और बिहार के लोगों की मेहनत से दिल्ली का हो रहा विकास :** भाजपा के सीनियर नेता ने केजरीवाल पर बरसते हुए कहा कि आज जिन्हें आप फर्जी वोटर कह रहे हैं, उन्होंने ही आपको मुख्यमंत्री बनाया है। अब यही लोग आपको सबक सिखाएंगे। यूपी और बिहार के लोग आते हैं तो अपनी मेहनत से दिल्ली के विकास में योगदान देते हैं।

### शराब घोटाला: कवासी लखमा से लंबी पूछताछ, बोले- ईडी अधिकारियों ने परेशान नहीं किया




रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2160 करोड़ के शराब घोटाला मामले में ईडी ने गुरुवार को दूसरी बार पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा से पूछताछ की। रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में 8 से 9 घंटे की पूछताछ के बाद कवासी और हरीश बाहर आए। कवासी लखमा ने कहा- जैसा कि दूसरे बताते हैं कि ईडी ने परेशान किया लेकिन मेरे साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मेरे साथ ईडी के अधिकारियों ने कोई दुर्व्यवहार नहीं किया। एक हफ्ते बाद मुझे फिर बुलाया गया है।

**पानी भी पिलाया:** पूछताछ के बाद बाहर निकले कवासी लखमा ने बताया कि पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उन्हें पानी भी पिलाया। मेरे मोबाइल को टैपिंग कर सील किया गया, जिसकी वजह से उन्हें टाइम लग गया। लखमा ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि मैं बस्तर की आवाज विधानसभा में उठाता हूं, इसीलिए मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं।

**दो नंबर की शराब थी तो अफसर जानें :** पूर्व मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दो नंबर की शराब यदि बन रही थी तो वह अधिकारी या संबंधित कंपनी की जिम्मेदारी है। इस बारे में अफसर ही बता सकते हैं। ईडी ने मुझे अगले बुधवार को फिर से बुलाया है। इस बार मैं अपने वकील या ऑडिटर को साथ लेकर जाऊंगा। मैं कुछ दस्तावेज भी प्रस्तुत करूंगा।

**आदिवासी नेता को परेशान कर रहे :** कवासी लखमा ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि एक आदिवासी नेता को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। इसके साथ ही लखमा ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के दौरान ईडी की इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें देश के कानून पर पूरा भरोसा है। मैं सच के रास्ते पर चल रहा हूं। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। जब तक लड़ना पड़ेगा, मैं लड़ता रहूंगा।

## अमृत भारत के जनरल कोच में प्रीमियम ट्रेन जैसी सुविधाएं, रेल मंत्री ने यात्रियों को दी बड़ी खुशखबरी




चेन्नई , एजेंसी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री का दौरा किया। वह यहां वंदे भारत रेक, अमृत भारत ट्रेन के डिब्बों और विस्टाडोम डाइनिंग कार का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा, अमृत भारत ट्रेन साधारण नागरिकों के लिए बनाई गई है। इसके जनरल कोच में किसी भी प्रीमियम ट्रेन जैसी ही सुविधाएं हैं। इसे सबका साथ, सबका विकास और अन्त्योदय की भावना से बनाया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि आप इस ट्रेन में कई नई सुविधाएं देखेंगे, जैसे सीटों और पंखों की गुणवत्ता, चार्जिंग पॉइंट और नए डिजाइन वाले शौचालय तैयार किए गए हैं। वंदे भारत ट्रेनों में भी लगातार सुधार किए जा रहे हैं।

चेन्नई स्थित आईसीएफ में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 10 हजार लोकोमोटिव में कवच लगाया जा रहा है और 15 हजार किलोमीटर ट्रैकसाइड फिटिंग की जा रही है। इंजनों के आगे कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। अब नए डिजाइन के बोल्ट लगाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें निकाला न जा सके। अमृत भारत ट्रेनों के किराए से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह तो रेलवे बोर्ड तय करेगा। न्यूज एजेंसी एएनआई ने रेल मंत्री के आज के दौरे का वीडियो फुटेज जारी किया है। इसमें वह नई-नई बनी ट्रेनों का मुआयना करते नजर आ रहे हैं। साथ ही, संबधित अधिकारियों की ओर से उन्हें ट्रेनों को लेकर अहम जानकारियां दी जा रही हैं।

**रेलवे टिकटों को लेकर एससी की अहम टिप्पणी :** केंद्रीय रेल मंत्री ऐसे समय आईसीएफ का दौरा करने पहुंचे जब कल ही (गुरुवार) सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे को लेकर अहम टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा कि भारतीय रेलवे देश के बुनियादी ढांचे का मुख्य आधार है। इसकी टिकट प्रणाली की शुचिता और स्थिरता को बाधित करने के हर प्रयास को रोका जाना चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने रेलवे टिकट प्रणाली में धोखाधड़ी के 2 आरोपियों की दो अलग-अलग अपील पर सुनवाई की। इस दौरान बेंच ने कहा, 'भारतीय रेल सालाना लगभग 673 करोड़ यात्रियों के आवागमन में मदद करती है और इस देश की अर्थव्यवस्था पर इसका जबरदस्त प्रभाव पड़ता है।

## टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का दावा

# ऑस्ट्रेलिया में हिरासत के दौरान उन्हें जहर दिया गया था



**मेलबर्न, एजेंसी।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कहा है कि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के वीज़ा विवाद के समय हिरासत के दौरान उन्हें जहरीला खाना खिलाया गया था, इससे पहले कि उन्हें सीज़न के पहले मेजर की पूर्व संध्या पर निर्वासित कर दिया गया।

24 बार के मेजर विजेता का 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया के कोविड-19 प्रवेश नियमों और उनके बिना टीकाकरण की स्थिति के कारण वीज़ा रद्द कर दिया गया था। उन्हें शुरू में वीज़ा छूट दी गई थी, लेकिन बाद में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने इसे रद्द कर दिया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मेलबर्न के एक होटल में शरणार्थियों के साथ हिरासत में रखा गया।

जोकोविच ने जीक्यू को बताया, मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था जिससे मुझे ज़हर हो गया था। जब मैं सर्बिया वापस आया तो मुझे कुछ पता चला। मैंने कभी किसी को सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया... मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत ज़्यादा था। मेरे शरीर में सीसा और पारा का स्तर बहुत ज़्यादा था। सर्ब ने आगे कहा कि 2022 के विवाद के बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कोई शिकायत नहीं है। हालांकि, 12 महीने बाद, वह खिताब जीतने के लिए मेलबर्न लौट आए। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में ऑस्ट्रेलिया या दुनिया के दूसरे देशों में मिलने वाले बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोग मेरे पास आए और मेरे साथ किए गए व्यवहार के लिए मुझसे माफ़ी मांगी, क्योंकि उस समय वे अपनी ही सरकार से शर्मिंदा थे। उन्होंने कहा, और मुझे लगता है कि सरकार बदल गई है और उन्होंने मेरा वीज़ा बहाल कर दिया है और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं।

मुझे वहां रहना बहुत पसंद है और मुझे लगता है कि मेरे नतीजे टेनिस खेलने और उस देश में होने की मेरी भावना का प्रमाण हैं। जोकोविच ने कहा, कुछ साल पहले मुझे उस देश से निर्वासित करने वाले लोगों से मैं कभी नहीं मिला। मुझे उनसे मिलने की इच्छा नहीं है। अगर मैं किसी दिन उनसे मिलूंगा, तो भी ठीक है। मैं हाथ मिलाकर आगे बढ़ने के लिए खुश हूं।

हालांकि, ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने जोकोविच के दावों पर बात करने से इनकार कर दिया। टिली ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, मैं इस सवाल का जवाब नहीं दूंगा। मैं वहां नहीं जाऊंगा। यह तीन साल पहले की बात है। हम सिर्फ एक शानदार आयोजन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 37 वर्षीय जोकोविच अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलियन ओपन में रिकॉर्ड 25वें प्रमुख खिताब के लिए अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## बीसीसीआई की विशेष आम बैठक रविवार को, आईसीसी चेयरमैन जय शाह को किया जाएगा सम्मानित



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को यहां होने वाले विशेष आम बैठक (एसजीएम) से इतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी।

बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला। शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया जिन्होंने तीसरा कार्यकाल नहीं लेने का फैसला किया। शाह अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे। शाह बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई एसजीएम में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

## चक्रवर्ती के पास इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में जगह बनाने का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में जगह बनाने के लिए एक बाहरी मौका बनकर उभरे हैं। सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। भारत 22 जनवरी को कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगा। इसके बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए दुबई जाएगा। टूर्नामेंट के बाकी आधे मैचों की मेजबानी पाकिस्तान करेगा। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर पुरुष चयन समिति शनिवार को बैठक करेगी, जिसमें पहले बताए गए कार्यों के लिए टीमों का चयन किया जाएगा, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम की घोषणा करने की आखिरी तिथि रविवार है।

## अश्विन की पंत को सलाह, इस तरह हर मैच में जड़ सकते हैं शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत अपने आक्रामक और रक्षात्मक खेल के बीच संतुलन बनाने में सफल रहते हैं तो वह प्रत्येक मैच में शतक बना सकते हैं। अकेले दम पर मैच का रुख पलटने की पंत की क्षमता की सराहना करते हुए अश्विन ने कहा कि उनके कई शॉट बहुत जोखिम वाले होते हैं जिसके कारण वह अपनी क्षमता का सही आकलन नहीं कर पाते हैं। पंत ने हाल ही में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें मैच की पहली पारी में अपने रक्षात्मक खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए 40 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हमें उसे ठीक से बताना होगा कि अगर उसे ठोस बल्लेबाजी करनी है या किसी इरादे के साथ बल्लेबाजी करनी है तो उसे क्या करना है। उसने बहुत सारे रन नहीं बनाए हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उसने रन नहीं बनाए हों। उसके पास अभी बहुत समय है।

### इंडिया-ऑयरलैंड:

# प्रतिका रावल शतक से चूकीं, टीम को मिली शानदार जीत



**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने प्रतिका रावल (89 रन) और तेजल हसाबनिस (नाबाद 53 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ शुरूआती महिला एकदिवसीय मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की। आयरलैंड ने कप्तान गैबी लुईस के 92 रन और उनकी लियाह पॉल (59 रन) के साथ 117 रन की साझेदारी से 7 विकेट पर 238 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने यह लक्ष्य 34.3 ओवर में 4 विकेट पर 241 रन बनाकर हासिल कर लिया।

भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने जीत के बाद कहा कि इन विकेटों पर गेंदबाजी करने के लिए गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। फील्डिंग बेहतर होने की जरूरत है। हमारे बल्लेबाजों के लिए वास्तव में खुशी है। तेजल ने अच्छा खेला। पिछले कुछ दिनों में हमारी अच्छी बातचीत हुई है। आपको गेंदबाजों को जानना जरूरी है। यह हमारे लिए एक आदर्श दिन था। हमें उन्हें 180 तक सीमित रखना चाहिए था, आगे भी हम ऐसा करने का लक्ष्य रखेंगे। आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान गैबी लुईस ने कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रही हूं, काफी बेहतर महसूस कर रही हूं। ऐसा मत सोचो कि हमने अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से बल्लेबाजी की, सिर्फ सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित किया। मुझे खुशी है, हम वहां टिके रहे और एक अच्छी साझेदारी बनाई (लीह पॉल के साथ)। बांग्लादेश के लिए, विकेट अलग थे। यह सब (परिस्थितियों के अनुरूप) ढलने के बारे में है। हमारी फील्डिंग और स्पिनरों की गेंदबाजी - इस खेल से सीखने के लिए कुछ सकारात्मक चीजें थीं।

प्लेयर ऑफ द मैच बनी प्रतिका रावल ने कहा कि मैं यहां सहज हूं। इससे बहुत मदद मिलती है, हमेशा मंधाना को दूसरे छोर से देखने का आनंद लें।

मनोविज्ञान का छात्र होने से भी शांत रहने में मदद मिलती है। हम बस इसे सरल बनाए रखने की कोशिश कर रहे थे, हमारी शुरुआत अच्छी रही। हमें बस लय बरकरार रखनी थी। अंत में तेजल ने भी बहुत अच्छा खेला। वास्तव में हम सभी ने अच्छा खेला।

## 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में सुशील ने पैरा कैटेगरी में जीता स्वर्ण पदक

**जयपुर, एजेंसी।** नई दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 में जयपुर के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक, सुशील कुमार मीना ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया और प्रतियोगिता में 85/125 का स्कोर कर पैरा कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता और प्रतिष्ठित रेनाउंड शूटर का खिताब भी प्राप्त किया। सुशील ने कहा कि इस सफलता में राजस्थान राइफल एसोसिएशन और मेरे कोच महिपाल सिंह शेखावत के मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है, जो मुझे हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। अपने शिष्य की सफलता पर कोच शेखावत ने कहा कि ÷सुशील की मेहनत और लगन रंग लाई है। यह उसकी शूटिंग करियर की बड़ी उपलब्धियों की शुरुआत है।÷ सुशील के प्रदर्शन ने न केवल उनके समुदाय को गर्वित किया है, बल्कि भारतीय शूटिंग खेल में जमीनी स्तर से उभरती प्रतिभाओं की संभावना को भी उजागर किया है।




### इंडिया-इंग्लैंड:

## सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में इन 3 देशों को लगातार हरा चुका है भारत, अब इंग्लैंड को धूल चटाने की बारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था और इसके बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले ली थी। रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान सूर्यकुमार यादव को बनाया गया और उनके कप्तान बनने के बाद टीम इंडिया लगातार सफलता का स्वाद चख रही है। अब भारत को उनकी कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है।

**सूर्या की कप्तानी में भारत जीत चुका है लगातार 3 टी-20 सीरीज**

सूर्यकुमार यादव को जब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम का फुल टाइम कप्तान बनाया गया था उससे पहले भी उन्होंने टीम की कप्तानी की थी और उनका प्रदर्शन बतौर कप्तान अच्छा रहा था। सूर्यकुमार के फुल टाइम कप्तान बनने के बाद भारत ने पहली टी20 सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेली थी और 3 मैचों की इस सीरीज में भारत ने श्रीलंका को 3-0 से हराया था। इसके बाद भारत ने उनकी कप्तानी में बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेली थी जिसमें टीम इंडिया को 3-0 से जीत मिली थी।

इसके बाद भारत ने साउथ अफ्रीका दौरे पर उनकी कप्तानी में 4 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था और भारत ने वहां अपना झंडा बुलंद करते हुए इस सीरीज को 3-1 से जीत लिया था। यानी उनकी कप्तानी में भारत ने तीन लगातार टी20 सीरीज में जीत र्ज की है और अब भारत के पास इंग्लैंड को हराकर लगातार 4 टी20 सीरीज अपने नाम करने का शानदार मौका है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने अब तक कुल 17 मैच खेले हैं जिसमें भारत को 13 मैचों में जीत मिली है जबकि 3 मैचों में हार मिली है और एक मैच टाई रहा है।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है और इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत है, लेकिन भारत को अपनी धरती पर खेलने का फायदा मिलेगा और सूर्यकुमार यादव के पास इंग्लिश टीम के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने का अच्छा मौका है।

सूर्यकुमार यादव बतौर कप्तान पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक कुल 24 टी20 मैच खेले गए हैं जिसमें भारत को 13 मैचों में जीत मिली है जबकि इंग्लैंड ने 11 मैचों में जीत दर्ज की है। भारतीय धरती पर दोनों देशों के बीच 11 मैच खेले गए हैं जिसमें टीम इंडिया को 6 मैचों में जीत मिली है जबकि इंग्लैंड को 5 मैच में जीत मिली है।



## इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज से बाहर हुए केएल राहुल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टी20 और वनडे सीरीज में भारतीय टीम के लिए खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचो की टी20 सीरीज और उसके बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज का आयोजन किया जाएगा। दोनों देशों के बीच पहले टी20 सीरीज खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 22 जनवरी को कोलकाता में होगी।

केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ क्रिकेट सीरीज के लिए आराम दिया गया है, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के सेलेक्टर्स ने उनसे कहा है कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम में चुना जाएगा जिसका आयोजन पाकिस्तान में किया जाएगा।

## तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है।

मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे। उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को



इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं। समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे। वानखेड़े स्टेडियम की प्रतिष्ठित विरासत को सम्मानित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। उत्सव सप्ताह के दौरान, एमसीए 12 जनवरी को एमसीए अधिकारियों और महावाणिज्यदूत नौकरशाहों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन करेगा।

मुंबई क्रिकेट के गुमनाम नायकों के योगदान और प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए, एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा, इसके बाद 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाली मुंबई टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।



## चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरूण आरोन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया। 34 वर्ष के आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण 2011 में किया था। उन्होंने भारत के लिए 9 टेस्ट और 9 वनडे खेले। उन्होंने पिछले साल लाल गेंद के क्रिकेट से विदा ले ली थी। आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। उन्होंने कहा, 'इतने साल में मैने करियर के लिए खतरा बनी अनेक चोटों से उबरने में शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत की, बार-बार वापसी की और इसके लिए मैं अपने फिजियो, ट्रेनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोचों को धन्यवाद देता हूं। आरोन ने कहा, 'अब मैं अपने जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का लुत्फ उठाना चाहूंगा लेकिन खेल से भी जुड़ा रहूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। तेज गेंदबाजी मेरा पहला प्यार रहा है और हमेशा मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहेगी।

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप:

## मुक्केबाजी में गत चैंपियन शिवा थापा की शानदार शुरुआत, सचिन भी जीते



**बरेली, एजेंसी।** असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है।

गत चैंपियन शिवा थापा ने वेल्टरवेट (60-65 भारवर्ग) में इनायत खान को हराकर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत की। 2012 लंदन ओलंपिक में क्वालिफाई करने वाले सबसे युवा असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को राजस्थान के देवांश सौलंकी ने उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को फ्लाइवेट (47-50 भारवर्ग) में जजों के सर्वसम्मत निर्णय से पराजित किया। इसी भारवर्ग में छत्तीसगढ़ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात दी। दो बार के विजेता सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के मुक्केबाजों ने कई श्रेणियों में अच्छा प्रदर्शन किया। हितेश गुलिया, दीपक, जुगनू और विशाल ने लाइट मिडिलवेट वेल्टरवेट, क्रूसरवेट और हेवीवेट में जीत हासिल की। राजस्थान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। प्रियदर्शिनी (लाइट मिडिलवेट), पुष्पेंद्र सिंह (क्रूसरवेट) और हर्ष चौधरी (हेवीवेट) ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाजों को हराया। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) और उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 300 से ज्यादा मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं

# युवा शक्ति मिशनः आत्मनिर्भरता की ओर कदम

**पन्ना।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और रचनात्मक दिशा देने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ किया जा रहा है। यह मिशन स्वामी विवेकानंद के उस विचार से प्रेरित है, जिसमें उन्होंने युवाओं को जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने और समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए अपने आंतरिक प्रकाश का अनुसरण करने का संदेश दिया था। भारत, जो कि दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है, अपनी कुल जनसंख्या का 27.3 प्रतिशत हिस्सा 15 से 29 वर्ष के युवाओं के रूप में समेटे हुए है। यह मिशन उन युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जिससे वे अपने सामर्थ्य को पहचान कर जीवन की हर चुनौती का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ज्ञान दृष्टिकोण (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति) और मध्यप्रदेश की युवा नीति-2023 को ध्यान में रखते हुए इस मिशन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। मिशन न केवल शहरी क्षेत्रों के युवाओं के लिए है, बल्कि ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। मिशन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी क्षमताओं और रुचियों का विकास कर सकें। इसके अंतर्गत युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने, उनकी कौशल दक्षताओं को बढ़ाने और उनकी ऊर्जा को समाज और देश की प्रगति में सकारात्मक रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस मिशन के तहत शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाएंगे। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सीएम राइज स्कूल और पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। तकनीक और डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए शिक्षण पद्धतियों को अधिक प्रभावशाली और आधुनिक बनाया जाएगा। अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने के लिए नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे युवा नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दे सकें।

मिशन में युवाओं के कौशल संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के माध्यम से रोजगार के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास किया जाएगा। पर्यटन, कृषि और सेवा क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके अलावा युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जाएंगी।

मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू युवाओं को सामाजिक पहलुओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्हें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इस मिशन की निगरानी के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न गतिविधियों और उनके प्रभावों का आकलन किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक पहल की प्रगति पर नजर रखने के लिए एक डिजिटल डैशबोर्ड बनाया जाएगा, जिससे इसकी सफलता सुनिश्चित की जा सके। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया जाएगा। यह मिशन प्रदेश के युवाओं को उनके सपनों को साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेगा। आत्मनिर्भरता और समृद्धि की ओर यह पहल युवाओं को अपनी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# अधिकारी-कर्मचारियों का प्रोफाइल समग्र आईडी से सत्यापित एवं आधार से होगा लिंक

## कलेक्टर ने दिए समस्त डीडीओ को निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा जिले के समस्त आहरण-संवितरण अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के डाटा का सत्यापन आईएफएमआईएस के तहत समग्र आईडी से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही शासकीय सेवकों का वेतन भुगतान भी आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

इस व्यवस्था में सभी शासकीय सेवकों का दायित्व होगा कि वे आईएफएमआईएस के अंतर्गत एम्प्लाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी की प्रविष्टि कर जानकारी सत्यापित करना सुनिश्चित करें। आईएफएमआईएस में समग्र आईडी की प्रविष्टि करने की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली में समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन से पूर्व समस्त शासकीय सेवकों द्वारा उनकी समग्र आईडी का पंजीयन व अद्यतन एवं आधार से लिंक समग्र पोर्टल के माध्यम से कराया जाना होगा। कर्मचारियों के वेतन प्राप्त करने वाले बैंक खातों को भी आधार से लिंक कराया जाना अनिवार्य होगा। इस संबंध में शासन के समस्त विभागों के आहरण-संवितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि 28 फरवरी 2025 तक समस्त शासकीय सेवकों की समग्र आईडी की प्रविष्टि आईएफएमआईएस अंतर्गत एम्प्लाई प्रोफाइल में हो जाए। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी समय-सीमा का ध्यान रखते हुए कार्यवाही पूर्ण कर कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र जिला कोषालय में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

# जिला स्तरीय समिति गठित

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार, 12 जनवरी को सुबह 9 से 10.30 बजे तक समस्त विद्यालय, महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं में सूर्य नमस्कार का सामूहिक आयोजन होगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे, जबकि बतौर सदस्य पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला संयोजक, जिला परियोजना समन्वयक, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी, प्राचार्य पीएमश्री उत्कृष्ट महाविद्यालय, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला कलेक्टर द्वारा नामित अन्य विभागों के अधिकारियों क्रमशः मुख्य नगर पालिक अधिकारी पन्ना, जिला समन्वयक जनअभियान परिषद पन्ना एवं प्राचार्य पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। इसके अलावा समिति में प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा, पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष संजय खरे, अखिल भारतीय गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक फूल सिंह ठाकुर, ब्रम्हकुमारी आश्रम की सीता बहन एवं जिला योग समिति के धीरेन्द्र खरे को भी सदस्य बनाया गया है।

# टाइगर रिजर्व के गंगऊ अभ्यारण के खेरुआ डबरा में आयोजित हुआ अनुभूति कार्यक्रम

## .स्कूली छात्र-छत्राओं ने की कार्यक्रम में शिरकत सीखे जंगल के गुर



**पन्ना।** टाइगर रिजर्व में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण मध्य प्रदेश में अनुभूति शिवरों का आयोजन किया जा रहा है पन्ना टाइगर रिजर्व के खेरुआ डबरा में आज इसी क्रम में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में शिरकत की व जंगल का भ्रमण कर जंगल के गुर सीखे।

कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्य व जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया इसके साथ ही वृक्ष प्रजाति पहचानना परिस्थिति तंत्र एवं जैव श्रृंखला में बाघ की प्रजाति के रूप में महत्व एवं बड़ी बिल्ली प्रजाति जैसे बाघ सिंह तेंदुआ चीता को पहचानना गिद्ध के रहवास स्थल प्रजातियां वन विभाग अधिकारियों की पद पहचान आदि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई बच्चों को जंगल की पुकार खेल द्वारा अपना स्वयं का जंगल बनाना वन संपदा खेल द्वारा वन औषधीय की पहचान आदि मुख्य आकर्षण गतिविधियां रही अनुभूति शिविर पूरी तरह से नो प्लास्टिक यूज पर आधारित रहा खाने-पीने के लिए दोना पत्तल एवं कागज के कप का उपयोग किया गया इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को अनुभूति थीम आधारित कैप एवं बैग प्रदान किए गए लघु वन उपज को बढ़ावा देने हेतु अनुभूति पुस्तकों एवं प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया।

एंव देवेंद्र अहिरवार सहायक संचालक गौरव नामदेव रेंजर इन्द्र भान सिहं बुन्देला प्रेरक कमल किशोर वनपाल कम्मोद सिह वन रक्षक रामसुफल बेगा वन रक्षक पुनीत तिवारी वन रक्षक उपस्थित रहे।

# 09 पंचायत सचिव को नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत समयावधि में नागरिक सेवाओं के आवेदनों का निराकरण नहीं करने एवं आवेदन समय सीमा बाह्य लंबित होने के कारण 09 पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से तीन दिवस में प्रतिवेदन प्रेषित करने तथा भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।

सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजीव पटेल ने बताया कि द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गारंटी एवं जिला योजना अधिकारी द्वारा अधिनियम अंतर्गत जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के ऑनलाइन आवेदन पंजीयन व निराकरण की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लंघन तथा पोर्टल पर ऑनलाइन निराकरण न करने पर जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत सिंघवारा, जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत बरहों कुदकपुर, जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायत फरस्वाहा तथा जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत टौराह, हरद्वाही, करहिया, छपरवारा, गौरा एवं कुलगवां मड़ैयन के सचिव को नोटिस जारी किया गया। उक्त सचिवों के विरूद्ध अधिनियम की धारा 6 के तहत निर्धारित प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा भी गत दिवस साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के विभागवार क्रियान्वयन की समीक्षा कर लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे।

# जिला स्तर एफएलएन मेला उन्मुखीकरण का हुआ आयोजन

## 11 जनवरी को जिले के सभी सरकारी प्राइमरी स्कूलो में आयोजित होगा मेला



**पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों हेतु दिनांक 11 जनवरी 2025 को एफएलएन मेला का आयोजन किया जायेगा। एफएलएन मेले के आयोजन को लेकर जिला स्तर पर जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में मेला उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के पांचों विकासखण्ड में पदस्थ बीआरसी, बीएसी व जन शिक्षक शामिल रहे। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा उन्मुखीकरण के लिए प्रथम संस्था के मास्टर ट्रेनरों द्वारा एफएलएन मेंले के आयोजन के उद्देश्य और आयोजन संबंधी विस्तृत जानकारियों पर प्रशिक्षण दिया गया तथा बताया गया। विद्यालय में आयोजित होने वाले एफएलएन मेले के संबंध में डाइट के अकादमिक स्टाफ द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया।

आयोजित उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में प्रयोगमात्क रूप से एफएलएन रिपोर्ट कार्ड तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई तथा मेले में लगने वाले स्टालों के संबंध में बताया गया। मेले में कुल 05 स्टाल लगाए जायेगें जिसमें पहले स्टाल पर बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा दूसरा स्टाल बौद्धिक विकास होगा जिसमें मिलान, रंग पहचान, वर्गीकरण और क्रमश लगने की गतिविधि होगी तीसरा स्टाल भाषा विकास रहेगा जिसमें चित्रवाचन आधार पर प्रश्नो के जबाव देना शामिल होगा चर्तुथ स्टाल पर गणित की तैयार को लेकर होगा जिसमें आकार की पहचान जैसे त्रिभुज, गोला स्टार आदि गिनना, अंक पहचानना, जोड-घटना शामिल रहेगा। पंचम स्टाल बच्चों का कोना जिसमें शारीरिक विकास जैसे रंग भरना भाषा विकास जैस अक्षर और सरल शब्द मेरा नाम लिखना एवं सामाजिक भावनामत्क विकास की पहचान होगी।

एफएलएन मेले का आयोजन सरकारी प्राइमरी स्कूलों में पढने वाले कक्षा 1 व 2 के बच्चों के लिए किया जा रहा है दोनों कक्षाओं में पढने् वाले बच्चों के साथ एफएलएन मेले में सहभागिता के लिए उनके माता-पिता को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजित मेले में विभिन्न गतिविधियों के आधार पर बच्चों की शारीरिक, मानसिक, भाषा गणित आदि क्षमताओ का आंकलन किया जायेगा।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस ने की कार्यवाही



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा सडक् सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शराब के नशे मे वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें आज दिनांक 09 जनवरी 2024 को वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाईजर मशीन द्वारा चेक किया जिसमें 02 ट्रक चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाये गये। जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

यातायात पुलिस पन्ना द्वारा विगत सप्ताह से लेकर अब तक कुल 07 वाहन चालकों को धारा 185 एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा सभी के विरूद्ध कुल 51000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार ने कहा कि शराब के नशे में वाहन चलाना एक गंभीर अपराध है और इससे कई लोगों की जान जा सकती है। इस तरह के वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वह शराब के नशे में वाहन न चलायें और स्वयं व दूसरों के प्राणों को संकट में न डालें।

# साक्षात्कार 11 एवं 12 जनवरी को

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा 11 एवं 12 जनवरी को कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं भृत्य पद के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया है। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उक्त पदों के लिए एक-एक पद पर भर्ती की जाना है। शनिवार को दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक भृत्य पद के समस्त अभ्यर्थी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पद के 1 से 25 वरीयता क्रम के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार होंगे। इसी तरह रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाटा एंट्री ऑपरेटर के वरीयता क्रम के सरल क्रमांक 26 से शेष समस्त अभ्यर्थी तथा कार्यालय सहायक पद के समस्त अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा।

# नि:शक्तजन विवाह योजना में राशि स्वीकृति के अधिकार अब जिला कलेक्टर को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री नि:शक्तजन विवाह योजना के तहत हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने 2 लाख रूपए तक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के अधिकार अब जिला कलेक्टर को प्रदान कर दिए हैं। दिव्यांगों को विवाह करने के लिए विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में विवाह करने वाले दम्पती में अगर एक व्यक्ति दिव्यांग होता है, तो राज्य सरकार दो लाख रूपए तथा दम्पत्ति में दोनों दिव्यांग होते हैं, तो एक लाख रूपए तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है। इस योजना में हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि आसानी से प्राप्त हो सके। इस उद्देश्य से राशि स्वीकृति के अधिकार जिला स्तर पर अब कलेक्टर को दिए गए हैं। कलेक्टर निराश्रित निधि की मूल राशि या ब्याज की राशि से प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कर सकेंगे।

# महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया कालेज चलो अभियान



**पन्ना।** शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर द्वारा कालेज चलो अभियान के तहत देवेन्द्रनगर स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रेनबो पब्लिक स्कूल देवेन्द्रनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेन्द्रनगर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य सुखवेन्द्र कुमार गौतम द्वारा विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की जानकारी प्रदान की गई। डॉ. दिनेश कुमार राय द्वारा बताया गया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है। डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि उच्च शिक्षा विभाग छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान करता है। डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षा का जीवन में अमूल्य योगदान है। अत: किसी भी परिस्थिति में शिक्षा का साथ नहीं छोडना चाहिए। इस कालेज चलो अभियान समिति के साथ अवधेश कुमार बागरी भी उपस्थित रहे।

# एटीएम कार्ड बदलकर अज्ञात बदमाश ने 18 हजार उड़ाए

**सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र के मढऊ निवासी युवक का एटीएम कार्ड बदलकर अज्ञात बदमाश ने बैंक अकाउंट से 18 हजार रुपए निकाल लिए, जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रजनीश कुशवाहा का खाता एसबीआई की उचेहरा ब्रांच में संचालित है, जिसका एटीएम कार्ड भी उसने जारी करा रखा है। बीते 7 जनवरी को वह उचेहरा पहुंचा, जहां मार्केट में स्थित एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने चला गया, तभी एक अन्य युवक आया, जो कि हड़बड़ी में दिख रहा था। उसने रजनीश को जल्दी काम करने के लिए कहा, जिससे उसका ध्यान भटक गया। इसी मौके का फायदा उठाकर बदमाश ने कार्ड बदल लिया, मगर पीड़ित को पता नहीं चला। एटीएम से लौटने के कुछ देर बाद ही उसके मोबाइल पर एक के बाद एक 5 मैसेज आए, जिसमें 17 हजार 923 रुपए खाते से निकल जाने की जानकारी थी। यह बात पता चलते ही रजनीश के होश उड़ गए। वह फौरन भागा-भागा बैंक पहुंचा और कार्ड ब्लॉक कराने के बाद थाने पहुंचकर लिखित शिकायत भी कर दिया। पीड़ित के साथ हुई ठगी की जानकारी लगने पर पुलिस ने एटीएम के सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के लिए एजेंसी से पत्राचार किया है तो घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालने के लिए टीम लगा दी है।

# युवक को खुदकुशी के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में फरार 10 हजार का इनामी एजेंट पकड़ाया



**सतना।** युवक को खुदकुशी के लिए मजबूर कर देने के आरोप में नामजद किए गए 10 हजार के इनामी आरोपी को जिले की कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि मोहन्ना निवासी रंजीत पुत्र पंचम लाल चौधरी, ने बजाज फाइनेंस कंपनी से एक लाख रुपए का पर्सनल लोन मंजूर कराया था, जिसकी किस्त वह लगातार दे रहा था, मगर आर्थिक दिक्कतों के चलते नवंबर और दिसंबर 2024 में पैसे भरने से चूक गया।

ऐसे में 16 दिसंबर 2024 को कंपनी के एजेंट सत्यम पुत्र हर्ष नारायण मिश्रा 24 वर्ष, निवासी उतैली और हरिओम शुक्ला बाइक से पीड़ित के घर पहुंचे और गाली-गलौज कर दफ्तर ले जाने के बहाने उसे गाड़ी में बैठाकर चले गए। कुछ घंटे बाद युवक अर्ध बेहोशी की हालत में घर के पास ही पड़ा मिला, जिसे परिजन अस्पताल ले आए। उपचार के दौरान उसने एजेंटों की प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ निगल लेने की बात कही।

पीड़ित और उसके पिता के बयान पर दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट में अपराध दर्ज कर लिया गया, मगर कायमी की भनक लगते ही आरोपी भूमिगत हो गए।

ऐसे में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने दोनों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित कर दिया। तीन सप्ताह की खोजबीन के पश्चात अंतत: पुलिस ने सत्यम मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया, जबकि हरिओम की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शनिवार 11 जनवरी 2025



**मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत निगम द्वारा शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।**



## जनकल्याण शिविर के सभी आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें

### मकर संक्रांति में घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा के प्रबंध करें : मुख्यमंत्री



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जनकल्याण अभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान अब तक मिले 25 लाख 70 हजार आवेदनों में से 22 लाख 60 हजार आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। सभी कलेक्टर जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से निराकरण कराएं। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के संबंध में प्राप्त आवेदन जनकल्याण के पोर्टल के साथ-साथ विभागीय पोर्टल पर भी दर्ज कराएं। आगामी 12 जनवरी को शाजापुर से लाड़ली बहना योजना की राशि जारी की जाएगी। इसके साथ महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मकर संक्रांति में प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों में लाखों लोग स्नान करते हैं। नदी घाटों में साफ-सफाई और सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। इसी तरह 12 जनवरी को सभी जिलों में सभी शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन कराएं। इसी दिन युवाशक्ति मिशन का भी शुभारंभ हो रहा है। प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर पर भी इससे जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप है। वृद्धाश्रम, रैनबसेरा तथा सार्वजनिक स्थलों में अलाव सहित ठण्ड से बचाव के उचित उपाय करें। कृषि विभाग किसानों को खेती की देखभाल तथा पाले से बचाव के संबंध में जागरूक करे। राजस्व महाभियान में पूरे प्रदेश में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान गांव में रास्ते के विवाद जैसे छोटे-छोटे मसले सुलझाएं। इस वर्ष किसानों को गत वर्ष की तुलना में खाद की आपूर्ति की गई है। प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। इसका समुचित वितरण सुनिश्चित करें। प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के प्रकरण तत्काल स्वीकृत करके राहत राशि का समय पर वितरण कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों की ठीक ढंग से तैयारी कराएं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ ठण्ड के कारण स्कूल के समय में परिवर्तन करें। कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करके आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। नर्मदा नदी की परिक्रमा करने वाले व्यक्तियों के लिए परिक्रमा मार्ग में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आगामी बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करें। इनमें कल्याणी बहनों तथा परित्यक्ता बहनों के भी विवाह कराएं। धान उपार्जन के संबंध में निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में 13 जनवरी तक वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। उपार्जित धान का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को तीन दिन की समय सीमा में भुगतान दें।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 5 लाख 67 हजार किसानों से 36.89 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को 5287 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इस वर्ष उपार्जन के लिए गेंहू के समर्थन मूल्य में 150 रुपए की वृद्धि की गई है। किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन किया जाएगा।

## विकास की मुख्य धारा से जुड़ा नेवरिया गांव

### उप मुख्यमंत्री ने लालगांव से कटरा मुख्यमार्ग से नेवरिया पहुंचमार्ग का किया भूमिपूजन



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नेवरिया गांव अब विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहा है। 40 लाख 73 हजार रूपये से अधिक लागत से बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क इसे लालगांव कटरा मुख्यमार्ग से जोड़ेगी और इस गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ईमानदारी व अच्छी स्थिति से किये गये कार्य का सकारात्मक परिणाम मिलता है। रीवा जिला विकास के पायदान पर आगे बढ़ रहा है। सभी के समन्वित प्रयास व सहयोग से इसे प्रदेश व देश का उत्कृष्ट जिला बनाने का संकल्प पूरा करेंगे। श्री शुक्ल ने सड़क निर्माण के लिये जमीन दान देने वाले दानदाताओं वंदना मिश्रा, गया मिश्रा व कुसुम तिवारी की ह्रदय से प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने लिये तो सभी जीते हैं मगर असली जीना उसी का है जो दूसरों के हित के लिये जिये। श्री शुक्ल ने कहा कि इस गांव से मेरा बचपन से जुड़ाव है। मेरे पिता जी की यह ननिहाल है उनका जन्म भी यहीं हुआ था। उन्होंने अपने पूज्य पिता जी के साथ विताये क्षणों को याद करते हुए संस्मरण सुनायें तथा कहा कि उनकी सेवाभाव व संस्कार से हमें जीवन में सीख मिली है और उन्हीं के स्थापित भव्यों पर आगे बढ़ने व सेवा का संकल्प लिया है। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि यह भूमि स्व. भैयालाल जी शुक्ल की जन्म स्थली है इसे नमन करता हूँ। उनका समस्त जीवन लोक कल्याण के लिये समर्पित रहा। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल विकास के प्रति संकल्पित हैं। उनके मार्गदर्शन में मनगवां विधानसभा क्षेत्र भी विकास के पायदान पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में आयोजक संतोष तिवारी ने उप मुख्यमंत्री जी को प्रतीक चिन्ह सौंपा तथा स्वागत किया।

## शासकीय महाविद्यालय हनुमना में लगाया गया लर्निंग लाइसेंस शिविर



**रीवा।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा आज कॉलेज के छात्रों के लिए मऊगंज जिले के शासकीय महाविद्यालय हनुमना में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे लगभग 100 से ज़्यादा की संख्या में छात्र छात्राए उपस्थित रहे।शिविर में छात्रो को लाइसेंस स्वयं से बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया।जिसमे छात्रो को आधार कार्ड के माध्यम से उनका ऑनलाइन लाइसेंस बनाकर छात्राओ को दिया गया। छात्रो को यातायात और रोड सेफ्टी के बारे में भी बताया गया ।साथ ही उन्हें अपने घर परिवार के पाँच सदस्यों को भी जागरूक करने के लिए कहा गया।आज के लाइसेंस शिविर में 52 फेसलेस लाइसेंस बनाए गए।आज के शिविर में परिवहन विभाग के अलावा महाविद्यालय से प्राचार्य बी एल मौर्या,डॉ उमेश कुमार पाठक,डॉ चंद्रमौलि शुक्ला प्राचार्य आदि स्टाफ उपस्थित रहे।सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग के द्वारा रीवा और मऊगंज जिले में लगातार यातायात और रोड सेफ्टी विशेषत: हेलमेट और लाइसेंस को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है

## नगर निगम क्षेत्र ललपा में 13 जनवरी को लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 13 जनवरी को वार्ड क्रमांक 26 के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के परिसर ललपा में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## कला व खेल के माध्यम से विंध्य को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें : उप मुख्यमंत्री

### उपमुख्यमंत्री ने बघेली कलाकार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि कला व खेल के माध्यम से विंध्य को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रीवा को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि बघेली भाषा को कला के माध्यम से यहां के युवा प्रचारित कर रहे हैं, अब बघेली कलाकार खेल के माध्यम से भी अपनी बोली को जन जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेंगे। श्री शुक्ल ने टीआरएस कालेज के एनसीसी मैदान में आयोजित बघेली कलाकार प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा नशे से दूर रहने का संकल्प लें तथा जिले, प्रदेश व देश को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता निभाएं। श्री शुक्ल ने कहा कि युवाओं का दायित्व है कि नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने आयोजकों को रचनात्मक कार्यों के साथ खेल की विधा के आयोजन की प्रशंसा की।

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि खेल एक कला है, बघेली के कलाकार खेल के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करने का अभिनव प्रयास कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है। उन्होंने बघेली को बोली से भाषा का दर्जा दिलाने में सभी से समवेत होने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि बघेली के कलाकार कला व खेल के माध्यम से बघेली को ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं वह प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि देश के किसी भी भाग में जाकार अपनी बोली से जुड़े रहने पर वाहन निवास करने वाले अपने क्षेत्र के निवासी अपनत्व के साथ मिलते हैं। कार्यक्रम में बघेली पोस्टर का विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि एन सी सी ग्राउंड रीवा में आयोजित यह प्रतियोगिता चार दिवस तक चलेगी।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने किया जेल का निरीक्षण



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने केन्द्रीय जेल रीवा का निरीक्षण किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने विभिन्न बैरकों, नई बनाई गई बैरक, किचन तथा हैण्डलूम कक्ष का निरीक्षण किया। जेल के अधिकारियों को बंदियों की सुविधा के लिए आधार कार्ड सुधार के कैम्प लगाने तथा आरओ लगाने के निर्देश दिए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने महिला वार्ड, जेल अस्पताल, जेल के भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया। जेल के अधिकारियों से बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल में किसी तरह का भेदभाव नहीं पाया गया। अधिकारियों ने सफाई कार्य में लगे बंदियों से भी चर्चा की। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार गठित बोर्ड आफ विजिटर्स के सदस्यों ने जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउसिंल के डिप्टी चीफ आनंद पाण्डेय, जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मऊगंज में युवा दिवस के लिए नोडल अधिकारी तैनात

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्वत ने मऊगंज में 12 जनवरी को युवा दिवस कार्यक्रम तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दिया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम शहीद केदारनाथ महाविद्यालय परिसर में प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा। कार्यक्रम के आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल में पेयजल, साफ-सफाई, योगाभ्यास के लिए मैट, मंच, माइक आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज को दी गयी है। इन्हें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मऊगंज तथा क्रीड़ा अधिकारी धर्मेन्द्र पाण्डेय सहयोग करेंगे।

## जनकल्याण अभियान के तहत आज 12 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**रीवा**

पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 11 जनवरी को अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में ग्राम पंचायत उलही कला तथा उलही खुर्द और अनुभाग हुजूर में हर्दीशंकर तथा सेमरिया में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में पटेहरा तथा रमगढ़वा और अनुभाग मनगवां में पचोखर तथा अकौरी में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 11 जनवरी को ही अनुभाग त्योंथर में पंछा तथा देउपाकोठार और अनुभाग सिरमौर में भेलौड़ी और शाहपुर में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर की गई कार्यवाही

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल रीवा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी त्योंथर उदित मिश्रा के दिशा निर्देश पर थाना सोहागी में कल दिनांक 09/01/2025 को सोहागी पहाड़ पर पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई कार्यवाही। घटना का विवरण में सोहागी पहाड़ में हो रहे लगातार एक्सीडेंट के प्रकरणों के देखते हुए थाना सोहागी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में एक्सीडेंट के प्रकरणों की रोकथाम हेतु सोहागी पहाड़ के ऊपर पुलिस सहायता केन्द्र लगाकर चालकों को घाटी में वाहन धीरे चलाने व लंबे दूरी से वाहनों को चलाकर आने वाले चालकों को मुँह धुलने व चाय की व्यवस्था का नवाचार किया गया है। जिसके तारतम्य में कल दिनांक 09/01/2025 सोहागी पहाड़ पर थाना सोहागी पुलिस द्वारा चेकिंग लगाई गई। चेकिंग के दौरान 05 ट्रक चालकों को ब्रीथ एनालाईजर मशीन के माध्यम से चेक किया गया जो शराब के नशे में ट्रक चलाते पाये गये। ट्रक चालकों के शराब के नशे में ट्रक चलाते पाये जाने पर पाँचों ट्रकों को चालकों के कब्जे से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया व मामले को माननीय न्यायालय त्योंथर से समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पाँचों ट्रक चालकों पर 10-10 हजार रूपये कुल 50,000 रूपये का जुर्माना किया गया है।

मुख्य भूमिका में निरीक्षक पवन शुक्ला थाना प्रभारी सोहागी, उप निरी. विकास सिंगौर, उप निरी. संजीव शर्मा, आर. 832 विशाल सिंह, आर.48 देवेन्द्र शुक्ला, आर.883 सचिन गौतम, आर.1215 लवकुश यादव।

## रोजगार मेला 20 जनवरी को

**रीवा।** स्थानीय शासकीय आईटीआई रीवा में 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 8 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

## रेलवे परियोजना के कार्यों में भू अर्जन की सभी बाधाएं दूर करें

### ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का का कार्य तेजी से पूरा कराएं : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पन्ना से सतना, गोविंदगढ़ से सीधी तथा सीधी से सिंगरौली तक रेलवे लाइन निर्माण की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास से ही क्षेत्र का विकास होगा। विन्ध्य क्षेत्र में विकास के लिए हाईवे एयरपोर्ट की सुविधा हो गई है। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन का कार्य पूरा होते ही पूरे विन्ध्य के विकास को गति मिलेगी। इसके माध्यम से रोजगार के अवसरों और औद्योगीकरण में तेजी से वृद्धि होगी। ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण में भू अर्जन की सभी बाधाएं सात दिवस में दूर करके रेलवे को जमीन उपलब्ध कराएं। जिन स्थानों से गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति परिवारों को विस्थापित किया जा रहा है उन्हें वैकल्पिक आवासीय भूमि देकर मकानों की व्यवस्था कराएं। कलेक्टर पूरी संवेदनशीलता के साथ विस्थापन की कार्यवाही पूरी करें। केवल मुआवजे के लिए रेलवे के लिए चिन्हित भूमि पर परिसम्पत्ति बनाने वालों पर कठोरता से कार्यवाही करें। रेलवे के निर्माण कार्य में अनुचित ढंग से बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधी से सिंगरौली के बीच के निर्माण कार्यों के लिए रेलवे द्वारा वन विभाग में 17 करोड़ रुपए जमा करा दिए गए हैं। वन मण्डलाधिकारी 15 दिन की समय सीमा में रेलवे को विभागीय अनुमति जारी कराएं जिससे टेण्डर की कार्यवाही की जा सके। चुरहट के पास सोन नदी पर पुल तथा बहरी के पास गोपद नदी पर पुल एवं 17 प्रस्तावित सुरंगों का निर्माण कार्य तेजी से कराएं। कलेक्टर सीधी भू अर्जन तथा मुआवजा वितरण के सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत कर दें। रेलवे के अधिकारी जमीन का अधिग्रहण मिलते ही तेजी से निर्माण कार्य शुरू कराएं। गोविंदगढ़ से रामपुर नैकिन तक की रेलवे लाइन का गर्मियों में उद्घाटन किया जाएगा। रीवा से सतना रेलवे लाइन के दोहरीकरण के शेष कार्य की बाधाएं कलेक्टर सतना दूर करें। भू अर्जन से प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा वितरित करके निर्माण की बाधाएं दूर कराकर कार्य शुरू कराएं।

बैठक में सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी जिले में रेलवे द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी पूरा सहयोग कर रहे हैं। रेलवे लाइन का काम पूरा होते ही सीधी जिले का वर्षों का सपना पूरा हो जाएगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833